वर्ष- 21 अंक - 320 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, बुधवार 06 मई 2026

## पेशावर में अमेरिका बंद करेगा वाणिज्य दूतावास

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए अमेरिका ने पाकिस्तान के पेशावर स्थित अपने वाणिज्य दूतावास को चरणबद्ध तरीके से बंद करने का बड़ा ऐलान किया है। अब खैबर पख्तूनख्वा प्रांत का सारा कूटनीतिक कामकाज इस्लामाबाद स्थित अमेरिकी दूतावास से संभाला जाएगा।





## बंगाल में चुनावी हिंसा जारी...

# लेनिन की मूर्ति व दफ्तर तोड़े, आग लगाई

**कोलकाता ● एजेंसी**

पश्चिम बंगाल में ममता की हार और भाजपा की जीत के बाद हिंसा का दौर कल रात तक जारी रहा। कल भाजपा व तृणमूल के दो कार्यकर्ताओं की हत्या हुई थी। उसके बाद तृणमूल ने आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद में लेनिन की मूर्ति तोड़ दी गई। आसनसोल में तृणमूल नेता का दफ्तर फूंका गया। कोलकाता के हॉग मार्केट में बुलडोजर लेकर पहुंची भीड़ ने तृणमूल का दफ्तार तोड़ दिया। बंगाल के नादिया में तृणमूल कांग्रेस के दफ्तर पर कांग्रेस ने कब्जा कर लिया।

# बंगाल में नई सरकार का रास्ता साफ

## चुनाव आयोग ने गवर्नर को भेजा नोटिफिकेशन

**कोलकाता ● एजेंसी**

पश्चिम बंगाल में चुनावी प्रक्रिया पूरी होने के बाद चुनाव आयोग ने नई विधानसभा के गठन के लिए आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। ये अधिसूचना राज्यपाल को भेज दी गई है जो राज्य में नई सरकार के शपथ ग्रहण और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अगला चरण शुरू करेंगे। इस नोटिफिकेशन का उद्देश्य निर्धारित प्रक्रियाओं के तहत सरकार गठन के अगले कदमों को सक्षम बनाना है। अब निर्वाचित प्रतिनिधि शपथ ले सकेंगे और राज्य में नई कैबिनेट के गठन की प्रक्रिया आधिकारिक रूप से शुरू हो सकेगी।

## मोदी भी पहुंचेंगे

**बंगाल में भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में मोदी, भाजपा गठबंधन के सभी मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री और केंद्र सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री भी पहुंचेंगे।**

# शाह कल पहुंचेंगे कोलकाता

## 8 को भाजपा विधायक दल की बैठक, 9 को शपथ

**कोलकाता ● एजेंसी**

हार के बाद भी ममता बनर्जी इस्तीफा देने से इंकार कर रही हैं लेकिन वे 7 तारीख बाद कुर्सी पर नहीं रह पाएंगी। भाजपा ने अपनी सरकार बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। आज कोलकाता में भाजपा के नए विधायकों की बैठक होगी। इसके बाद 8 मई को भाजपा विधायक दल की बैठक होगी जिसमें नए नेता (मुख्यमंत्री) के नाम पर मुहर लगेगी। 9 मई को भाजपा सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा। मुख्यमंत्री अमित शाह की पसंद का होगा जो कल कोलकाता पहुंचेंगे।

बंगाल में सीएम की रेस में शुभेंदु अधिकारी ही नहीं बल्कि बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य से लेकर दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉलऔर सुकांत मजूमदार जैसे आधा दर्जन नेताओं के नाम शामिल है।



ऐसे में सवाल उठता है कि अमित शाह के सियासी क्राइटेरिया में कौन नेता फिट बैठेगा?

## ममता के घर और भतीजे के ऑफिस से हटाए गए सुरक्षा बैरिकेड्स

**कोलकाता.एजेंसी। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की करारी हार और सत्ता से बेदखल होने के एक दिन बाद, दक्षिण कोलकाता में ममता बनर्जी के आवास के बाहर लगाए गए बैरिकेड्स आंशिक रूप से हटा दिए गए। साथ ही उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी के ऑफिस से भी सुरक्षा हटा ली गई है। पुलिस का कहना है कि ये कदम आला अधिकारियों के निर्देश और सुरक्षा-व्यवस्था की नई समीक्षा के तहत उठाया गया है।**

# पंजाब में फिर धमाका अमृतसर में आर्मी कैंप के बाहर ब्लास्ट

**चंडीगढ़.एजेंसी।** पंजाब में कुछ ही घंटों में दो धमाकों से हड़कंप मच गया। इन धमाकों के पीछे खालिस्तानी आतंकियों का हाथ बताया जा रहा है। पहला धमाका जालंधर के बीएसएफ चौक पर बीएसएफ मुख्यालय के पास हुआ, जब एक भीड़भाड़ वाले इलाके में खड़ी एक स्कूटर में धमाका हो गया। घटना के कुछ घंटों बाद, मंगलवार देर रात अमृतसर के खासा इलाके में बीएसएफ ठिकानों के पास स्थित एक आर्मी कैंप के बाहर दूसरा धमाका हुआ। शुरुआती शक के आधार पर माना जा रहा है कि मोटरसाइकिल पर सवार किसी हमलावर ने कथित तौर पर उस जगह पर ग्रेनेड फेंका था।



## *भाजपा का हर छठा सांसद वोट चोरी से जीता, हरियाणा में पूरी सरकार ही घुसपैठिया'*

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर एक हमलावर पोस्ट साझा करते हुए बीजेपी पर एक बार फिर से 'वोट चोरी' का आरोप लगाया है। राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में लिखा कि वोट चोरी के जरिए कभी सीटें चुराई जाती हैं, तो कभी पूरी की पूरी सरकार ही हड़प ली जाती है। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि लोकसभा में बीजेपी के जो 240 सांसद हैं, उनमें से मोटे तौर पर हर छठा सांसद वोट चोरी से जीता है। ज्ञात रहे कि वोट चोरी का आरोप लगाते हुए राहुल पहले भी भाजपा पर हमला बोल चुके हैं।

## बच्चे की रेप के बाद हत्या करने वाले का एनकाउंटर

**हरदोई.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के हरदोई में 7 साल के बच्चे के साथ कुकर्म और हत्या करने वाले अपराधी मेहनूर को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। अपहरण के बाद परिजनों से 8 लाख की फिरौती मांगने वाले इस बदमाश पर 50 हजार का इनाम था। मुठभेड़ में एसओजी प्रभारी भी घायल हुए हैं।

## भारी बारिश, ओले गिरे, हाईवे डूबा, घरों में घुसा पानी

**बुधवार.एजेंसी।** भीषण गर्मी के बीच जगह-जगह आंधी, तूफान और बारिश का दौर जारी है। छत्तीसगढ़ में भारी बारिश से हाईवे डूब गया और घरों में पानी घुस गया। गाजियाबाद में बारिश के साथ ओले भी गिरे। खराब मौसम के कारण राजस्थान में पारा 40 से नीचे आ गया।



# ट्रम्प बोले- 8-9 साल और राष्ट्रपति रहूंगा

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर से राष्ट्रपति बनने की इच्छा जताई है। व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान ट्रम्प ने कहा कि वे 8-9 साल बाद पद छोड़ेंगे। यह सुनकर वहां मौजूद लोग हंसने लगे तो ट्रम्प ने कहा कि वह मजाक नहीं कर रहे। उन्हें काम करना पसंद है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अभी उनके कार्यकाल की शुरुआत ही है और बहुत काम बाकी है। ट्रम्प अगले महीने 80 साल के हो जाएंगे। उन्होंने कहा, 'मैं बुजुर्ग नहीं हूं; मैं बुजुर्ग से कहीं ज्यादा जवान हूं। मुझे आज भी वैसा ही महसूस होता है जैसा 50 साल पहले होता था।'

## ट्रंप के इशारे से झूमा शेयर बाजार

**मुंबई ● एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान के साथ समझौता होने के संकेत दिए हैं, जिससे ग्लोबल मार्केट बमबम हैं और इसका असर भारत में भी देखने को मिला है। सेंसेक्स ने ओपनिंग के साथ ही 600 अंक की छलांग लगा दी है। निफ्टी भी 200 अंक से ज्यादा की तेजी के साथ ओपन कारोबार करता दिखाई दिया।



## लड्डू और झालमुड़ी का वितरण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पश्चिम बंगाल, असम और पांडिचेरी में भाजपा की जीत की खुशी में विधानसभा एक के वार्ड क्रमांक 3 कालानी नगर चौराहा पर भाजपाइयों ने आतिशबाजी कर मिठाई का वितरण किया, जिसमें लड्डू के अलावा झालमुड़ी का वितरण भी किया गया। सन्नी तिवारी, प्रेम विजयवर्गीय, पंकज मूंदड़ा, कमल राठौर, नरेन्द्र कुशवाह, निखिल मालू, अतुल चौहान, महेश चावड़ा, दिनेश आचार्य सहित अन्य मौजूद थे।



## विजयवर्गीय की जगह समर्थक पहुंचे समस्या जानने



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** चंदननगर क्षेत्र के रहवासियों ने प्रयास किए कि जो सड़क 60 फीट चौड़ी हो रही है उसे 50 फीट कर दी जाए, जिससे 310 मकान के रहवासियों को लाभ होगा। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को बुलवाने की कोशिश की गई और आकाश विजयवर्गीय को मामले को समझाने की कोशिश की गई जब वे नहीं पहुंचे तो विजयवर्गीय के निकट के राजीक फरसीवाला को बुलवाकर क्षेत्र का दौरा कराया। मकान और दुकान का नुकसान हो रहा है इसे लेकर मीटिंग सलीम के यहां रखी गई। सभी वर्ग के लोग मौजूद रहे।



## डेम हादसे में मृतकों को एक करोड़ रु. मुआवजा मिले

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** युवक कांग्रेस विधानसभा 3 के अध्यक्ष दानिश खान ने कल सरकार का पुतला जलाया। जबलपुर के बरगी डेम हादसे में क्रूज में डूबने से कई लोगों की मृत्यु हो गई। दानिश खान ने कहा कि मृतक परिवार को 1 करोड़ का मुआवजा दिया जाए, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए और पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच हो और पर्यटन मंत्री को बर्खास्त किया जाए। इस पुतला दहन में नीलेश सेन, विशाल चतुर्वेदी, रोहित जोशी, शाबाज कुरैशी, आकाश निजामपुरकर, सावन सिलावट, प्रतिक मित्तल सहित अन्य मौजूद थे।



## दिल्ली से कांग्रेस नेता आए तो हुआ स्वागत

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष विनोद पंवार के इंदौर आगमन पर युवा नेता राहुल निहारे ने अपने निवास पर उनका स्वागत किया। प्रो. प्रदीप, प्रहलाद वर्मा, प्रमोद नामदेव सहित अन्य मौजूद थे।

# गांधी भवन में हुई दो विधानसभाओं की बैठक

## हाईवे पर चक्काजाम में पहुंचने के लिए दिखाया कांग्रेसियों ने उत्साह

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा कल 7 मई को नेशनल हाईवे पर चक्काजाम का निर्देश सभी जिला कांग्रेस को दे रखा है। इन्दौर में भी पिगडम्बर एबी रोड पर कल सुबह 10 बजे से चक्काजाम होना है। इस जाम को लेकर शहर कांग्रेस ने कल अलग-अलग विधानसभाओं की बैठक गांधी भवन और विधानसभा क्षेत्रों में भी बुलवाई। कल गांधी भवन में विधानसभा चार और तीन की बैठक आयोजित की गई। कोषाध्यक्ष शैलेष गर्ग ने बताया कि बैठक के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जोश देखने लायक था। सभी ने ज्यादास से ज्यादा संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचने का संकल्प लिया। वहीं केरल में सरकार बनने पर कल गांधी भवन में एक-दूसरे को मिठाई भी खिलाई गई। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चार के प्रभारी शैलेष गर्ग है और चार नम्बर से भी बडी संख्या में कांग्रेसी पहुंचे। कल विधानसभा एक की बैठक दीपू यादव ने अपने कार्यालय पर ली। चिंटू चौकसे के गृह क्षेत्र विधानसभा दो की बैठक भी क्षेत्र में हुई। वहीं मोर्चा संगठन की बैठक भी कल की गई।

## पूर्व विधायक ने किया श्रमिकों का सम्मान

### पक्षी संरक्षण का संकल्प

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** 'गीता रामेश्वरम ट्रस्ट' द्वारा स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर 500 से अधिक श्रमिकों जिनमें मातृशक्तियां भी है सम्मानित किया गया। पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल ने अपने हाथों से सभी को भोजन का मनुहार किया और सभी को उपहार भी दिए। पक्षी संरक्षण का भी संकल्प दिलाया। सकोरे और दाना भी वितरित किए गए। सत्यनारायण पटेल, जगदीश शर्मा, मदन परमालिया, प्रीतेश राजू, मनोज पाटीदार, अनुज भंडारी, संजय पटेल मौजूद थे।





## पूर्व विधायक नेमा हुए प्रशिक्षण शिविर में शामिल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पूर्व विधायक ग्वालियर संगठन प्रभारी गोपी कृष्ण नेमा ने प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत ग्वालियर नगर के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में शिरकत कर बूथ प्रबंधन विषय को संबोधित किया।सभी कार्यकर्ताओं को बंगाल में भाजपा की जीत पर बधाई भी दी।

# महापौर ने कहा-अपने अतिक्रमण स्वयं हटा लें

## तीन दिनों का समय, नहीं तो निगम करेगा हटाने की कार्रवाई

### मामला मधु मिलन, आरएनटी मार्ग, छावनी रोड चौडीकरण का

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मधु मिलन चौराहे से छावनी तक प्रस्तावित सड़क निर्माण को लेकर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ स्थानीय विधायक गोलू शुक्ला, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, भावेश दवे, पंखुड़ी दोषी, मृदुल अग्रवाल, राजेंद्र राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान महापौर ने क्षेत्र के रहवासियों से संवाद कर सड़क निर्माण में सहयोग की अपील की। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे अगले दो से तीन दिनों के भीतर अपने-अपने अतिक्रमण स्वयं हटा लें। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित समयसीमा के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाने पर नगर निगम द्वारा कार्रवाई कर उन्हें हटाया जाएगा। भार्गव ने बताया कि मधु मिलन चौराहे से छावनी तक का यह मार्ग शहर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसका निर्माण निगम की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि मास्टर प्लान के तहत इस सड़क को प्रथम चरण में 60 फीट चौड़ा किया जाएगा। इसके बाद यातायात की स्थिति के अनुसार आगे की योजना बनाई जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि 60 फीट चौड़ाई को लेकर क्षेत्र के अधिकांश रहवासी सहमत है।



## बंगाली समाजजनों ने बांटी जश्न के दौरान झालमुड़ी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पश्चिम बंगाल में भाजपा की पहली बार बड़ी बढ़त और भरपूर बहुमत के साथ 200 से अधिक विधायक जीते तो पश्चिमी बंगाल से जुडे बंगाली समाज की संस्था देवी अहिल्या बंगाली स्वर्ण शिल्पी सेवा समिति के पदाधिकारी सुशांत सामंत के मार्गदर्शन में समिति के पदाधिकारी और सदस्यों ने सराफा में जश्न मनाया। ढोलक की थाप पर भाजपा के झंडे हाथ में लेकर खुशी का इजहार नृत्य के रूप में किया गया। बड़ा सराफा, छोटा सराफा, मोरसली गली, शक्कर बाजार से यह जुलूस मां अहिल्या के निवास राजबाडा पर परिक्रमा करते हुए वापस सराफा पहुंचा जहां सराफा में खुशी के जश्न में झालमुडी का वितरण भी किया गया। इस दौरान संस्था के विश्वजीत समाई, जयदेव घोडा, अभिजीत माईती, समीर साहू, विजय माजी, जयदेव जाना, गोपाल घोष, हेमंत मन्ना, चिन्मय दास, साहेब पाल, विश्वजीत बक्षी जश्न और झालमुडी वितरण में मौजूद रहे।



## बनाई रणनीति, महिला और युवा को करेंगे आगे

# आम आदमी पार्टी का आज शाम सिलेंडर मूल्यवृद्धि पर विरोध प्रदर्शन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष संदीप शर्मा और संगठन मंत्री मोहम्मद अशफाक के अलावा आप के वरिष्ठ नेता कमल गुप्ता ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा कमर्शियल गैस सिलेंडर की मूल्यवृद्धि जबर्दस्त की गई है, जिससे व्यवसाय करने वालों को काफी दिक्कत आ रही है। इस मूल्यवृद्धि के विरोध में आप पार्टी आज शाम 4 बजे से 6 बजे तक मालवा मिल चौराहा पर विरोध प्रदर्शन करेगी। इसके लिए रणनीति भी आप ने बनाई है कि ज्यादा से ज्यादा महिला और युवा इस प्रदर्शन में पहुंचे और उन्हें विरोध प्रदर्शन में आगे रखा जाए। प्रदेश पदाधिकारियों के अलावा हर विधानसभा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों से भी इस प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की गई है।

# कल कांग्रेस करेगी चक्काजाम

**मुरैना के हाईवे से शुरू होने वाला जाम खरगोन जिले पर होगा खत्म**

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश के बाद प्रदेश के सभी जिलों में नेशनल हाईवे पर कल 7 मई को सुबह 10 बजे से चक्काजाम किया जा रहा है। यह जाम प्रदेश भर में किसानों को आ रही परेशानी के मुद्दे पर किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला कांग्रेस और शहर कांग्रेस द्वारा संयुक्त रूप से कल सुबह 11 बजे से पिगडंबर चौराहा एबी रोड पर चक्काजाम आंदोलन आयोजित किया जाएगा। राऊ चौराहा के आगे होने वाले इस जाम के लिए शहर और जिला कांग्रेस अध्यक्षद्वय चिंटू चौकसे एवं विपिन वानखेडे ने हर विधानसभा स्तर पर बैठकें भी आयोजित की है। किसान आंदोलन कल मुरैना के हाईवे से शुरू होकर खरगोन पर यह जाम खत्म होगा, जिसमें इंदौर का एबी रोड हाईवे पिगडम्बर पर शहर और जिला कांग्रेस मिलकर जाम करेगी। यह चक्काजाम दोपहर 2 बजे तक चलेगा। इस दौरान कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई है। विपिन वानखेडे महू, राऊ में ज्यादा जोर लगा रहे हैं क्योंकि दोनों विधानसभा क्षेत्र के बीच में यह चक्काजाम हो रहा है। हालांकि वानखेडे ने सांवेर और देपालपुर में भी बैठक आयोजित की। वहां से भी कांग्रेसी जाम में पहुंचेंगे। इधर शहर आध्यक्ष चिंटू चौकसे ने भी शहर पदाधिकारी, ब्लाक पदाधिकारी के बाद विधानसभा स्तर की बैठकें भी आयोजित की। कल 5 विधानसभाओं में अलग-अलग बैठक आयोजित हुई। आज राऊ की शहरी बैठक हो रही है। कुल मिलाकर कांग्रेसियों का उद्देश्य किसान मुद्दे पर चक्काजाम में बडी भीड एकत्रित करना क्योंकि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का गृह क्षेत्र भी है। इसीलिए कांग्रेसी जोर लगा रहे है कि अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेसी पहुंचे।



## जिला कांग्रेस ने दिए पीले चावल

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** जिला कांग्रेस किसान मुद्दे पर चक्काजाम की पूरी तैयारी अध्यक्ष विपिन वानखेड़े के नेतृत्व में कर रही है। गांव-गांव पहुंचकर प्रभारी अजय रघुवंशी के साथ किसानों को पीले चावल दे रहे हैं। संगठन महामंत्री डॉ. दौलत पटेल ने भी कल महू, पिगडम्बर, राऊ क्षेत्र के 15 गांवों में दौरा किया और वहां भी पीले चावल दिए।

## पार्षद के दावेदार ने मंत्री को लिखा पत्र

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** वार्ड 35 में पार्षद के दावेदार राजा टोनेरे ने मंत्री और सांवेर विधायक तुलसीराम सिलावट को पत्र लिखा और बताया कि वार्ड 35 में पानी की बहुत दिक्कत आ रही है, सैकडों लोगों की पूर्ति एक दो टैंकर या दो दिन में एक बार 20 मिनट पानी से नहीं हो पा रही है.! जनता परेशान है.! भविष्य में पानी की कमी न हो इसलिये एक डेढ महीने बाद बारिश का मौसम आने वाला है, अगर समय रहते पूरे इन्दौर में हर बस्ती, कॉलोनी में जगह जगह सोख के गड्ढे बनवा दिये जाये तो वाटर रिचार्जिग भी होगी ओर भूमिगत जल स्तर भी बढेगा.! जिससे आने वाले समय में पानी की किल्लत नहीं होगी.. और फाइल के बजाय जमीनी स्तर पर पौधा रोपण का कार्य पूरे इन्दौर में करवाया जावे ताकि बारिश भी अच्छी हो क्योंकि पेड ही बादलों को आकर्षित करते हैं तभी बारिश होती है.. सब मिलकर कोशिश करेंगे तो जनता की समस्याओं को जल्दी हल किया जा सकता है.!

### भाजपा किसान मोर्चा ने किसान मुद्दे पर जताया मुख्यमंत्री का आभार

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपालसिंह चावड़ा ने मंत्री परिषद के निर्णय पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताया। सरकार ने कल मंत्रिमंडल में किसानों के हित में निर्णय लिए। कल्याण बोर्ड के गठन से लेकर किसानों की आय में बढ़ोतरी और 35 हजार 555 करोड़ से विकास और लोक कल्याण के कार्य को गति मिलेगी सहित कई निर्णय का स्वागत किया है।



# भाजपा की नीति और नीयत से बढ़ रहा है जनाधार

### मंडल की कामकाजी बैठक में बनी आगामी कार्ययोजना

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

नगर भाजपा ने कल वीर सावरकर, रानी लक्ष्मीबाई व राजेंद्र धारकर मंडल की कामकाजी बैठकें आयोजित कर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि भाजपा का जनाधार लगातार बढ़ रहा है क्योंकि भाजपा की नीति स्पष्ट है और नीयत एवं सक्षम नेतृत्व के कारण ही सब सफल हो रहा है। कामकाजी बैठक में आगामी कार्यक्रम को लेकर चर्चा के बाद रणनीति भी तैयार की गई। सुमित मिश्रा ने कहा कि तीन राज्यों में भाजपा की विजय हुई है, भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और इसके पीछे हमारे समर्पित कार्यकर्ता है। विधायक महेन्द्र हार्डिया, गोलू शुक्ला, भूपेन्द्र केसरी, नन्दकिशोर पहाड़िया, राकेश शर्मा, कमल वाघेला, दीपांश खण्डेलवाल, दीपेश पचोरी, दिनेश वर्मा, मुद्रा शास्त्री, नीतेश जैन, सन्नी तिवारी, अरुण कुमार पांडेय सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मंत्री से की कब्रस्तान सदर ने कायाकल्प की मांग

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

चंदन नगर कब्रिस्तान कमेटी के सदर हाजी इमामुद्दीन तिगाला ने बताया कि उन्होंने सेवा कार्य के लिए क्लॉथ मार्केट हॉस्पिटल ट्रस्ट को 1 लाख रुपए की सहयोग राशि भेंट की, ताकि गरीब मरीजों के इलाज में कोई कमी न आए। तिगाला जी के इस कदम की पूरे शहर में सराहना हो रही है। सिर्फ दान ही नहीं, हाजी इमामुद्दीन तिगाला ने अपने क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं के लिए भी मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने नगर प्रशासन मंत्री को एक ठोस ज्ञापन सौंपकर चंदन नगर कब्रिस्तान की सूरत बदलने की मांग की है। ज्ञापन में

**कब्रिस्तान बनेगा 'स्मार्ट', सुविधाओं की होगी बौछार**



कब्रिस्तान की सुरक्षा और आवाजाही को सुगम बनाना,दफनाने की प्रक्रिया के दौरान पानी और साफ-सफाई के पुख्ता इंतजाम, पूरे परिसर में सघन पौधारोपण कर उसे सुकून भरी जगह बनाना जैसी प्रमुख मांगे रही। इस पूरे कार्यक्रम की सबसे खूबसूरत तस्वीर तब दिखी जब ज्ञापन सौंपते वक्त हाजी इमामुद्दीन तिगाला के साथ समाजसेवी दीपू यादव और मुस्लिम समाज के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। यह नजारा इंदौर की गंगा-जमुनी तहजीब और कौमी एकता का सबसे बड़ा प्रमाण बनकर उभरा। चंदन नगर कब्रिस्तान कमेटी के सदर हाजी इमामुद्दीन तिगाला ने कहाँ की हमारा मकसद सिर्फ सेवा है। चाहे वह जीवित इंसानों के लिए अस्पताल की मदद हो या हमारे अपनों की आखिरी मंजिल (कब्रिस्तान) को संवारना। हम शासन-प्रशासन के साथ मिलकर क्षेत्र को बेहतर बनाएंगे।

# टैंकर के पानी की कालाबाजारी और जल समस्या पर ज्ञापन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव ने बताया कि शहर में जल संकट समस्या के साथ आम लोगों को दूषित पानी मिल रहा है, इधर नगर निगम के टैंकर भी कालाबाजारी पर उतरे हुए हैं, इससे भी पानी की समस्या बनी हुई है, पानी के टैंकर की संख्या कम है इसे बढ़ाया जाए। जहां नर्मदा लाइन नहीं है वहां टैंकर की संख्या अतिरिक्त बढ़ाई जाए। इस मुद्दे पर कांग्रेस ने निगम कार्यालय पहुंचकर आयुक्त को ज्ञापन दिया। यादव ने कहा कि पानी सप्लाय के नाम पर कारोबार किया जा रहा है और लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं।



यादव ने कहा कि 1 हजार से लेकर 1500 रु. तक में पानी के टैंकर बेचे जा रहे हैं, आम लोग भी निजी टैंकर से पैसा देकर पानी मंगवा रहे हैं, बोरिंग सूख चुके हैं ऐसे में निगम भी पानी के मामले में साथ नहीं दे रहा है। पूरे मामले को ठीक किया जाए यह मांग ज्ञापन में की गई।नीलेश सेन शेलू, विशाल चतुर्वेदी, दानिश खान, सुनील यादव, यशपाल गहलोत, सुनीलसिंह अवधिया, अलंकार रायकवार, कपिल जारवाल, नीलेश गौसर, राजदत्त शर्मा, राहुल तायडे, जतिन लश्करी, दिनेश तंवर, शेख सलीम, विनोद वर्मा, संजय शुक्ला, कमल बघेल, रघुवीरसिंह सिकरवार, अजीतसिंह ठाकुर, प्रतीक मित्तल, लक्ष्मण खत्री, लवेश यादव, रविकांत सैनी, वहाब खान सहित अन्य मौजूद थे।



## भाजपा शिवाजी मंडल ने की बैठक

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** विधानसभा 5 के शिवाजी मंडल की कामकाजी बैठक में आगामी कार्ययोजना को लेकर चर्चा की गई। संगठन की बूथ स्तर पर और मजबूती के अलावा जनसेवा के संकल्प भी लिए गए। उमेश मंगरोला, महेश बसवाल, दुर्गेश मिंजवा, शेखर चौधरी, दिनेश रोकड़े, गोपाल सिंगार, कपिल पाण्डेय, महेश जोशी, गब्बर चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

# राठौर समाज की धर्मशाला और 20 दुकानें बकाया सम्पत्ति कर के कारण सील

## मंदिर और चौकीदार का घर खुला छोड़ा



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। राठौर समाज के दो गुटों में झगड़े के कारण राठौर समाज का खाता सील पड़ा है, ऐसा सूत्र बता रहे हैं। इधर लगातार नगर निगम द्वारा 7 लाख 15 हजार 125 रु. सम्पत्तिकर बकाया है उसकी मांग की जा रही थी। कई बार नोटिस भी दिए जा चुके थे और आज सुबह निगम की टीम ने शादी ब्याह के सीजन के चलते धर्मशाला को सील कर दिया और धर्मशाला परिसर में बनी 20 दुकानें भी सील कर दी गई है। धर्मशाला में भोलेनाथ का मंदिर है, जिसे खुला छोड़ दिया गया और यहां एक चौकीदार परिवार के साथ रहता है उसका गेट भी खुला रखा गया, जब धर्मशाला और दुकानें सील की जा रही थी तब विरोध भी हुआ। निगम की टीम ने कहा पैसा जमा कर दो हमें कोई आपत्ति नहीं, लेकिन बैंक खाता झमेले में पड़ा है, इसलिए पैसा नहीं भरा गया। इधर आज एक दूध पार्लर की दुकान भी सील हुई और सुबह दुकान पर दूध आ चुका था, इसलिए दूध पार्लर दुकानदार ने फुटपाथ पर बैठकर कामकाज किया। इधर शादी-ब्याह का सीजन है, लेकिन आज धर्मशाला में कोई शादी नहीं थी, लेकिन जिनके यहां आगे शादियां है वे जरूर धर्मशाला सील होने से चिंतित होंगे।

# नवकारसी विवाद में एकता के लिए होगा नाकोड़ा भैरव अनुष्ठान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भगवान महावीर के जन्म कल्याणक अवसर पर श्वेताम्बर जैन समाजजनों ने राजवाड़ा के समीप नवकारसी का आयोजन किया था, उसमें नवकारसी-महासंघ विवाद खड़ा हुआ, जिसके समाधान को लेकर प्रयास किए जा रहे हैं। इधर लाखों रुपये क़ी नोटिसबाजी भी हो चुकी हैं। इधर भैरव भक्त भी चाहते हैं कि समाज का विवाद समाप्त हो। लगातार सोशल मीडिया पर विरोध हो रहा है, इधर अब नवकारसी विवाद में एकता के लिए अब भैरव भक्त नाकोड़ा भैरव अनुष्ठान करेंगे, जिससे समाज में नवकारसी-महासंघ विवाद को समाप्त किया जा सके। भैरव भक्तों ने यहां तक कहा कि पदाधिकारियों को सद्बुद्धि, संयम और चैतन्य प्राप्त हो इसलिए यह भैरव अनुष्ठान होगा। इस मामले में महासंघ ने चुप्पी साध ली है, लेकिन नवकारसी टीम मामले में तैयार है। इधर समाज के कुछ वरिष्ठजन जरूर दोनों पक्षों से संवाद कर रहे हैं, जिससे बैठक कर मामले का समाधान खोजा जा सके।

# जिंसी से लक्ष्मीबाई प्रतिमा की सड़क पर यातायात बंद

## बड़ी संख्या में लोग खुद अपने मकान को तोड़ने में लगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**शहर के पश्चिमी क्षेत्र में स्थित जिंसी से लक्ष्मीबाई प्रतिमा की ओर जाने वाले मार्ग पर यातायात बंद कर दिया गया है। इस मार्ग पर लोग बड़ी संख्या में अपने मकान में तोड़फोड़ करने में लगे हुए हैं। सड़क के दोनों तरफ के मकान में तोड़फोड़ चल रही है। यह तोड़फोड़ नगर निगम के द्वारा दी गई चेतावनी के कारण की जा रही है।**

नगर निगम के द्वारा इस मार्ग पर सड़क को चौड़ा करने का काम शुरू किया जाना है। मास्टर प्लान में इस सड़क की चौड़ाई 80 फीट की रखी गई है। क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि यदि 80 फीट का निर्माण तोड़ा जाएगा तो हमारा बहुत सारा नुकसान हो जाएगा। इस स्थिति में नगर निगम के द्वारा इस सड़क की चौड़ाई को घटाकर 60 फीट कर दिया गया है। पिछले दिनों महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इस सड़क का दौरा किया था। उस वक्त उन्होंने नागरिकों से अपील की थी कि सड़क की चौड़ाई में आ रहे अपने निर्माण को भी स्वयं ही जल्दी से जल्दी तोड़ लें।

**सड़क के दोनों तरफ हो रही है मकान में तोड़फोड़**



महापौर के द्वारा इसके साथ ही नागरिकों से यह अभी कहा गया था कि यदि उनके द्वारा निर्माण नहीं तोड़े जाएंगे तो फिर नगर निगम की टीम जाकर तोड़फोड़ करेगी और उस स्थिति में फिर सड़क का निर्माण 80 फीट का ही किया जाएगा। महापौर के द्वारा दी गई इस चेतावनी का नागरिकों पर भारी प्रभाव पड़ा है। यही कारण है कि नागरिकों के द्वारा खुद ही मजदूर लगाकर अपने मकान में तोड़फोड़ करने का काम किया जा रहा है। सड़क के दोनों तरफ स्थित मकान में इतनी बड़ी संख्या में तोड़फोड़ हो रही है कि इन मकानों के ऊपर की मंजिल से ईंट और अन्य सामान नीचे गिर रहे हैं।

इस स्थिति को देखते हुए यातायात पुलिस और पुलिस थाने के द्वारा इस मार्ग पर जाने वाले रास्ते पर बेरीकेट लगा दिए गए हैं। इसके माध्यम से इस सड़क से वाहन लेकर आना और जाना दोनों बंद हो गया है। नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस सड़क के रास्ते को बंद किया गया है। सड़क के दोनों सिरे पर पुलिसकर्मी भी तैनात कर दिए गए हैं। तोड़फोड़ की स्थिति में यदि कोई वाहन चालक वाहन लेकर इस मार्ग पर जाएगा तो ऊपर से कोई पत्थर गिर कर उसे लग गया तो जनहानि हो सकती है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए ही वाहन का आना जाना इस सड़क पर बंद किया गया है।

नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि इस। सड़क के निर्माण टूटते ही यहां पर सड़क को चौड़ा करने का काम शुरू कर दिया जाएगा। निगम के द्वारा इस कार्य का ठेका पहले से ही एजेंसी को दिया जा चुका है। नागरिकों के द्वारा की ज़ा रही तोड़फोड़ पर नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा भी पूरी नजर रखी जा रही है।

# अब स्कीम 140 की चौपाटी में भी नहीं होगा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग



इंदौर। शहर को सिंगल यूज़ प्लास्टिक मुक्त बनाने हेतु नगर निगम द्वारा निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर आयुक्त प्रखर सिंह ने ज़ोन क्रमांक 19 अंतर्गत स्कीम नंबर 140 स्थित चौपाटी क्षेत्र में सिंगल यूज़ प्लास्टिक फ्री मार्केट अवेयरनेस चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के माध्यम से व्यापारियों एवं आमजन को सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा इसके उपयोग को पूर्णतः बंद करने हेतु प्रेरित किया गया। सिंह द्वारा क्षेत्र का भ्रमण कर प्रत्येक दुकान पर जाकर दुकानदारों से संवाद स्थापित किया गया। उन्होंने सभी व्यापारियों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करने की समझाइश देते हुए वैकल्पिक रूप में बायोडिग्रेडेबल सामग्री के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि प्रत्येक दुकानदार अपनी दुकान के बाहर कम से कम दो डस्टबिन अवश्य रखें, ताकि गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग एकत्रित किया जा सके।

इस दौरान दुकानदारों को अपने ग्राहकों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने, कचरा इधर-उधर न फैलाने तथा स्वयं भी साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। चौपाल में उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक रूप से स्वच्छता की शपथ ली और सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करने का संकल्प लिया। स्कीम नंबर 140 चौपाटी को आदर्श स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त चौपाटी के रूप में विकसित करने का भी फैसला लिया गया।

# जीएसटी कमिश्नर करेंगे आज व्यापारियों से चाय पर चर्चा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

कन्फेडरेशन का ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश गुप्ता और व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक धीरज खंडेलवाल ने बताया कि आज शहर के 50 व्यापारिक एसोसिएशन के प्रतिनिधि कमिश्नर कार्यालय में जाकर व्यापारी एवं जीएसटी अधिकारियों के बीच का फासला कम करेंगे और जीएसटी में आ रही समस्याओं को सुलझाने का प्रयास करेंगे। द्विवेदी के साथ व्यापारी चाय पर चर्चा कर व्यापारियों को आ रही जीएसटी से सम्बंधित विषय पर सरलता से चर्चा करेंगे। यह पहला मौका है जब जीएसटी के बडे अधिकारी से व्यापारी सीधी बात कर रहे है। इस दौरान धीरज खंडेलवाल, रमेश गुप्ता भी मौजूद रहेंगे।



# सोनम की जमानत रद्द करवाने हाईकोर्ट पहुंची मेघालय सरकार

## तर्क दिया कि अपराध की गम्भीरता पर फिर होना चाहिए विचार, नोटिस भी थमाया

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी को मिली जमानत पर मेघालय सरकार ने चिंता जताते हुए हाईकोर्ट में जमानत रद्द करने की अर्जी लगाई है। सरकार की इस अर्जी के बाद सोनम की मुश्किलें फिर बढ़ती नजर आ रही है। कोर्ट ने सोनम को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

पति की हत्या के आरोप में जेल से जमानत पर छूटकर आई सोनम रघुवंशी की मेघालय सरकार की याचिका के बाद हाईकोर्ट ने नोटिस भेजा है। याचिका में सरकार ने कहा कि अभी केस का ट्रायल जारी है। गवाहों के बयान भी होना है। ऐसे में अगर सोनम जमानत रही तो गवाह प्रभावित हो सकते है। उन्होंने कहा कि अपराध की गम्भीरता और न्याय पर इसके सम्भावित असर पर ठीक से विचार करना चाहिए। सरकार ने इसी आधार पर सेशन कोर्ट द्वारा जारी किया गया बेल आर्डर रद्द करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि सोनम की गिरफ्तारी प्रक्रिया में खामियों को देखते हुए उसे करीब 8 दिन पूर्व जमानत मिल गई थी। फिलहाल सोनम को अज्ञात जगह पर रखा गया है। मेघालय हाईकोर्ट ने कल सोनम को नोटिस जारी किया है। इस मामले में अगली सुनवाई 12 मई को होगी। सूत्रों के मुताबिक राज की भी जमानत अर्जी लगाई गई है, जिस पर कोर्ट ने अपना निर्णय सुरक्षित रखा है।

# अगले महीने से शहर के एक लाख चैंबरों की होगी सफाई

## बारिश के दौरान सड़कों पर जल जमाव रोकने के लिए चलेगा अभियान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नगर निगम द्वारा शहर के सभी प्रमुख मार्गो के चैंबरों की सफाई के लिए विशेष तौर पर अभियान चलाया जाएगा। आगामी बारिश को देखते हुए इसके लिए एक माह का समय तय किया गया है। ज़ोन स्तर पर इसके लिए ड्रेनेज विभाग में टीम गठित करने का काम शुरू कर दिया है। इस वर्ष मुख्य तौर पर बीआरटीएस को लेकर नगर निगम गंभीर है सड़क पर जल जमाव नहीं हो जिसके लिए सबसे पहले बीआरटीएस पर डाली स्ट्राम वाटर लाइन के चैंबरों को साफ किया जाएगा। ड्रेनेज विभाग के अनुसार शहर में लगभग 100000 से अधिक चैंबर हैं। यह संख्या शहर के मुख्य मार्गों और उससे जुड़े हुए उप मुख्य मार्ग की है, गली मोहल्ला को शामिल किया जाए तो यह संख्या और बढ़ सकती है।

ड्रेनेज विभाग के अपर आयुक्त आशीष पाठक ने बताया कि नगर निगम आगामी बारिश को देखते हुए तैयार किया जा रही है शहर के ऐसे स्थान जहां पर जल भराव की स्थिति हर साल बनती है वहां जल भराव नहीं हो इसके लिए काम किया जा रहा है, जिन स्थानों पर सिविल वर्क की आवश्यकता है, वहां सिविल वर्क के साथ ही सुधार कार्य भी किया जा रहा है। इसके अंतर्गत लाइनों के एलाइनमेंट को भी ठीक करने के लिए टीम को निर्देश दिए गए हैं। बारिश की तैयारी को दो चरणों में विभाजित किया गया है पहले चरण चैंबरों की सफाई और दूसरे चरण में ऐसे स्थान जहां अत्यधिक जल भराव की समस्या प्रतिवर्ष बारिश के दौरान आ रही है उनको ठीक किया जाना है। दोनों ही काम अगले महा आरंभ कर दिए जाएंगे। नगर निगम द्वारा पूर्व में किए गए सर्वे के अनुसार शहर के 56 स्थान ऐसे हैं जहां पर जल भराव की स्थिति बनती है उनकी समस्या कैसे ठीक की जा सकती है यहां अतिक्रमण पुराने मकान सहित लाइनों को ठीक करने जैसे काम किए जाने हैं। इसके अलावा लगभग 11 किलोमीटर के बीआरटीएस पर भी हर साल कुछ निश्चित स्थानों पर जल भराव की समस्या दिखाई देती है, जिसको ठीक करने के लिए इंजीनियरों की टीम द्वारा सर्वे किया जा रहा है।

वही नगर निगम द्वारा शहर के नदी नालों के किनारे बसे मकान की सर्वे सूची भी जिला प्रशासन को जल्द ही सौंपी जाएगी। जिसमें ऐसे स्थान शामिल है जहां पर हर साल नदी के पानी का जल स्तर बढ़ने के कारण लोगों की जान को खतरा उत्पन्न हो जाता है इसलिए इस वर्ष उन लोगों को जून माह के अंत तक उक्त स्थान से हटाकर अन्य स्थान पर शिफ्ट करने जैसी कार्रवाई प्रशासन के साथ मिलकर निगम द्वारा की जा सकती है। अपर आयुक्त पाठक ने बताया कि इंदौर में बड़ी संख्या में लोग नदी और नाले के किनारे अवैध मकान बनाकर बस्तियों में रहते हैं नदी की जद में कई बस्तियां है नेशनल ग्रीन टर्मिनल के निर्देश अनुसार नदी के जल भराव क्षेत्र में अतिक्रमण नहीं होना चाहिए लेकिन इंदौर की स्थिति विपरीत है यहां नदी के किनारो पर ही अधिकांश बसाहट है। कोई दूसरी और जिला प्रशासन द्वारा भी बारिश को लेकर तैयारी शुरू करने के निर्देश सभी एसडीएम को दिए गए हैं ग्रामीण क्षेत्रों में जल जमा वाले क्षेत्र को चिन्हित करके सर्वे रिपोर्ट मांगी गई है साथ ही ऐसे नल जहां पर अतिक्रमण करके टाउनशिप विकसित की गई है उन पर भी सर्वे करने के निर्देश दिए गए हैं इसके अलावा मोरम खदानें जहां पर खनन का काम बंद हो चुका है उन्हें भी चिन्हित करके बारिश के दौरान यहां सुरक्षा उपाय करने के निर्देश दिए गए हैं फिलहाल उनकी सूची तैयार की जा रही है।

# निजी विद्यालयों को फीस पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इस वर्ष भी सभी निजी विद्यालयों जिसमें एमपी बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड से संबंधित प्राचार्यों को निर्देशित किया गया था कि निर्धारित समय तक 2026-27 की जो स्कूल की फीस तय की गई है उसे पोर्टल पर कक्षावार और संवर्गवार विभिन्न मदों में अपलोड करें। कई स्कूलों ने फीस को अपलोड नहीं किया है। इस मामले में इंदौर पिछड़ा हुआ है। भोपाल संचालनालय ने जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजकर चेताया भी और उसी के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी स्कूल प्राचार्य को पत्र भेजकर फीस अपलोड कराने के निर्देश दिए गए हैं और लिखा है कि फीस ऑनलाइन पोर्टल पर लोड नहीं होना खेदजनक है और वरिष्ठ कार्यालय की अवहेलना है। सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है कि ऑन-लाईन डीपीआईएमपी पोर्टल पर फीस संबंधी समस्त जानकारी तत्काल अपलोड करें नहीं तो नियम के अनुसार मान्यता रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा विभाग के कई कार्य में इंदौर जिला सबसे बाटम में हैं, इसलिए अब जिला शिक्षा अधिकारी चाहते हैं कि सभी स्कूल शिक्षा विभाग के कार्य में अग्रणी बनें और सभी स्कूल 3.0 पोर्टल पर अपडेशन एवं यू डायस में प्रोग्रेशन, कक्षा 1 में एडमिशन, एमबीयू, ड्राप बाक्स ,असाक्षरों की पहचान इत्यादि कार्य जल्द से जल्द पूरा करे।

# बिना लाइसेंस के चल रहे खाद्य कारोबार को बंद कराया

## आइसक्रीम और आइस कैंडी के भी लिए गए नमूने

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।





खाद्य सुरक्षा प्रशासन के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच हेतु सतत कार्रवाई की जा रही है। कल भी खाद्य विभाग के दल ने रमापति विहार, राऊ स्थित मेसर्स नीलकंठ गृह उद्योग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर कच्चे आलू चिप्स एवं कच्चा आलू लच्छा लगभग 3000 किलोग्राम मात्रा में मानव उपभोग हेतु भंडारित पाया गया। खाद्य विभाग के अनुसार वहां मौजूद मुकेश कुरोची ने बताया कि उक्त सामग्री सिमरोल रोड, सुतारखेड़ी (महू) स्थित इसी फर्म की फैक्ट्री में निर्मित होती है। निरीक्षण में पाया गया कि प्रतिष्ठान के पास कोई वैध खाद्य पंजीयन उपलब्ध नहीं था, जबकि प्रतिष्ठान की प्रोपराइटर श्रीमती संतोष अग्रवाल पाई गईं। मौके से कच्चे आलू चिप्स एवं कच्चा आलू लच्छा के कुल 05 नमूने जांच हेतु लिए गए। साथ ही बिना वैध खाद्य पंजीयन के खाद्य कारोबार संचालित किए जाने पर प्रथम दृष्टया प्रकरण तैयार किया गया एवं वैध पंजीयन प्राप्ति तक परिसर में खाद्य कारोबार गतिविधियां बंद कराई गईं। वहीं श्री लक्ष्मी प्रोडक्ट, लक्ष्मीबाई नगर का निरीक्षण किया गया। इसी तरह श्री बालाजी आइसक्रीम कैट रोड इंदौर का निरीक्षण कर वहां से मिनी मटका फ्रोजन डेजर्ट, मिनी चोकोबार फ्रोजन डेजर्ट, मैंगो फ्लेवर कैंडी एवं ऑरेंज फ्लेवर कैंडी के कुल 04 नमूने जांच हेतु लिए गए। गणेश ऑयल इंडिया पालदा का निरीक्षण अधिकारियों ने किया और करण नानवानी की मौजूदगी में सोयाबीन तेल के दो नमूने लिए गए। सभी सेम्पल को भोपाल प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। उक्त पूर्ण जानकारी कलेक्टर के खाद्य विभाग द्वारा दी गई।

# आईडीए ने सात योजनाओं को लेकर लोगों से मांगी

## पहली बार प्राधिकरण के द्वारा योजना लागू करने के बाद उठाया ऐसा कदम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर विकास प्राधिकरण के द्वारा अपनी सात योजनाओं को लेकर लोगों से उनकी आपत्ति मांगी गई है। यह पहला मौका है जब किसी योजना को लागू करने के बाद प्राधिकरण के द्वारा इस तरह का कदम उठाया गया है।

हमेशा तो जब प्राधिकरण के द्वारा कोई नई योजना को लागू किया जा रहा होता है तो उस पर नागरिकों से उनके दावे और आपत्ति बुलाए जाते हैं। फिर इनका निराकरण करने के बाद योजना को आकार देने का काम किया जाता है। यह सारी कार्रवाई धारा 50 (3) और 50(4) के तहत की जाती है। प्राधिकरण के द्वारा जो नई टाउन प्लैनिंग स्कीम लागू की गई है उन्हें लेकर आज सार्वजनिक सूचना जारी की गई है। इस सूचना को टाउन प्लैनिंग स्कीम नंबर 1, 3, 4, 5 और 8, 9, 10 पर केंद्रित रखा गया है।

योजना में जिन लोगों की जमीन शामिल की गई है उन लोगों से यह कहा गया है कि यदि वे जमीन मालिक के रूप में अपने नाम को संशोधित करना चाहते हैं या फिर कोई और नाम भी जोड़ना चाहते हो, इसके साथ ही रकबा , बटांकन और नियोजन के कार्य में किसी भी स्तर पर कोई संशोधन चाहते हैं तो ऐसे सभी नागरिक अपने आवेदन प्राधिकरण के कार्यालय में अगले 15 दिन के अंदर दे सकते हैं। इस तरह के आवेदन के आधार पर प्राधिकरण के द्वारा संशोधन की कार्रवाई को अंजाम दिया जाएगा।

यह पहला मौका है जब प्राधिकरण के द्वारा अपनी लागू कर दी गई किसी योजना में इस तरह से नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इस बारे में प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि योजना के लागू होने और जमीन मालिकों से जमीन लेने के बाद में बहुत सारे परिवर्तन हुए हैं। किसी परिवार में बटवारा होने के कारण जमीन के मालिक बदल गए हैं। इसके साथ ही जमीन का रकबा भी परिवर्तित हो गया है। एक रकबा कई लोगों के बीच में बंट जाने के कारण उसके बटांकन की स्थिति भी बदल गई है। तो किसी परिवार में जमीन के मालिक का निधन हो जाने के कारण संपत्ति अब उसके वैध वारिस के नाम पर करना आवश्यक हो गया है। ऐसी स्थिति में प्राधिकरण के रिकॉर्ड में सही व्यक्ति के नाम और भूमि के क्षेत्रफल को दर्ज करने तथा रिकॉर्ड को अपडेट करने के उद्देश्य से अगले 15 दिन में इन सभी लोगों से आवेदन बुलवाए गए हैं। प्राधिकरण के द्वारा इन आवेदनों के प्राप्त होने के बाद उस पर विचार किया जाएगा। संबंधित लोगों से आवेदन के साथ उस आवेदन से संबंध रखने वाले सभी दस्तावेज भी मांगे गए हैं। प्राधिकरण के द्वारा इन आवेदनों पर विचार कर उनका निराकरण किया जाएगा और अपना रिकॉर्ड में जहां आवश्यक होगा वहां संशोधन भी किया जाएगा।

# शासकीय भूमि पर बोरिंग करने पर एक लाख का जुर्माना



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। वार्ड 73 के अशोक कालोनी में रहवासियों ने बिना अनुमति के सड़क पर ही बोरिंग करवा लिया और बोरिंग की गंदगी भी चारों ओर रोड पर फैली। इस बोरिंग निर्माण के कारण शासकीय फुटपाथ भी क्षतिग्रस्त हुआ। इसकी शिकायतें मुख्यालय और झोन पर दूसरे लोगों द्वारा की गई उसी के बाद निगम की टीम के राहुल सूर्यवंशी, विजय यादव, आरिफ खान, नवीन बुंदेला ने 1 लाख का जुर्माना किया और कचरा फेंकने वालों पर 7 हजार रु. का जुर्माना भी लगाया।





# पूर्व छात्रों का मिलन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पंडित जवाहरलाल नेहरू पॉलिटेक्निक, सनावद के 1979-83 बैच के पूर्व छात्रों के समूह 'सेणुद सखा' ने दशहरा मैदान में आयोजित मिलन समारोह में शिरकत कर पुरानी यादें ताजा की। सुदर्शन जटाले, राधाकृष्ण भटोरे, महेन्द्र माण्डलिक, राजकुमार जैन, विक्रम चौहान, सुरेन्द्र भाटिया, शैलेन्द्र जैन, वीरेंद्र व्यास, सुनिल खर्चे, धर्मेंद्र पाटीदार, अनिल व्यास, राजेन्द्र आर्य, प्रदीप द्विवेदी, प्रफुल्ल स्वस्तिक, महेश सोनी, अतुल जैन, सुभाष पगारे, घनश्याम यादव, प्रदीप मांडलिक, राजेंद्र वाघे, राजेंद्र गुप्ता, राजेंद्र तंवर, नरेन्द्र गंगराड़े, दिलीप देवडा, वीरेंद्र सिंह तोमर, मधुसूदन गुप्ता मौजूद थे।

# जैन खंडेलवाल सरावगी संगठन का सकोरा वितरण

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** दिगंबर जैन राष्ट्रीय खंडेलवाल सरावगी संगठन ने रामाशाह मंदिर मल्हारगंज के बाहर गर्मी में पक्षियों के लिए सकोरों का वितरण किया। संदीप शीतल पहाड़िया, डाली मनमोहन झांझरी, अनुराधा बिलाला, अर्चना झांझरी, संगीता छाबड़ा, रेनू वेद, रूपाली गोधा सेवाकार्य में मौजूद थे।





# मानावत के सुयश पर सम्मान

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** डॉ. शीतल मानावत ने एमबीबीएस की उपाधि ली एवं परिवार और समाज का गौरव बढ़ाया। चिकित्सा के क्षेत्र में उपलब्धि मिलने पर उनका सम्मान किया गया। दीक्षांत समारोह में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह तोमर द्वारा सम्मान दिया गया था।



# आज से मालवा उत्सव

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** लोक संस्कृति मंच द्वारा नगर निगम और संस्कृति संचालनालय के साथ मिलकर आज से मालवा उत्सव का आयोजन दशहरा मैदान परिसर में आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन जनजाति, आदिवासी नृत्य व जनजाति लोक कला व मातृशक्ति को समर्पित होगा। 12 मई तक मालवा उत्सव के आयोजन में 400 से अधिक कलाकार और 300 शिल्पकार भाग लेंगे। मंच को गोवा के मंगेश्वर शिव मंदिर की तर्ज पर बनाया गया है, यह मंदिर 450 साल पुराना है। विशाल गिदवानी, राजेश बियाणी, नितिन तापड़िया, कंचन गिदवानी ने उक्त जानकारी दी।



# स्वाध्याय और आहार कक्ष का लोकार्पण

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** आचार्य कुमुदनन्दी म.सा. एवं विप्रणतसागर म.सा. के सानिध्य में कल्पतरु तीर्थ पर आध्यात्मिक ग्रीष्मकालीन वाचना महोत्सव के अन्तर्गत स्वाध्याय एवं आहार कक्ष का लोकार्पण किया गया। अशोक बड़जात्या, वीरेन्द्र बड़जात्या, जैनेश झाँझरी, हँसमुख गांधी, आनन्द गोधा, ऋषभ पाटनी, महेन्द्र निगोत्या, निलेश सेठी, पवन पाटोदी, पुष्पेंद्र वेद, प्रमोद पापड़ीवाल, सीमा बड़जात्या, संगीता पाटोदी, अर्पित वाणी उपस्थित थे।

# व्याख्यानशाला निमंत्रण पत्र का विमोचन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



अभ्यास मंडल द्वारा आयोजित 66वीं ग्रीष्मकालीन व्याख्यानमाला के निमंत्रण पत्र एवं पोस्टर का विमोचन कल किया गया। अतिथि डॉ. योगेशचन्द्र गोस्वामी, पत्रकार प्रदीप जोशी थे। व्याख्यानमाला 16 से 21 मई तक शाम 6 बजे जाल सभागृह में होगी। व्याख्यानमाला में सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, प्रो. मनोजकुमार शाह, डॉ. महेन्द्र सिंह, कर्नल मनोजकुमार सिन्हा, प्रो. श्यामसुन्दर जियानी, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल माधुरी कानिटकर व्याख्यान देंगे। हेरराम वाजपेयी, रामेश्वर गुप्ता, श्यामसुंदर यादव, अशोक जायसवाल, गौतम कोठारी, अरविंद तिवारी,मदन राने, आलोक खरे, शंकर गर्ग, आरती जायसवाल, वैशाली खरे, नेताजी मोहिते, दीप्ति गौर उपस्थित थे।



# युवा कपल ग्रुप की कश्मीर तफरीह

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** इंदौर के युवाओं का कपल ग्रुप कश्मीर की वादियों में सैर व तफरीह के लिए टूर पर पहुंचे है। प्रकृति का लुत्फ लिया जा रहा है। बर्फिली जगह भी देखी जा रही है, वहां खेल भी खेले जा रहे हैं।

# हल्ला-गुल्ला शिविर में बच्चों ने देखा कठपुतली का खेल

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** विजय नगर स्थित स्कूल परिसर में चल रहे 15 दिवसीय हल्ला-गुल्ला बाल प्रशिक्षण शिविर में रोजाना बच्चों को कुछ नया दिया जा रहा है। कल भी इस शिविर में बच्चों ने नाटक की रिहर्सल भी की और कठपुतली का खेल भी देखा। तपन मुखर्जी, सीमा व्यास, वरुण जोशी, शिल्पा सिंघल, श्वेता शर्मा प्रशिक्षण दे रही हैं। 15 मई तक यह शिविर सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक चल रहा है।



# नर्मदा चिंतन ज्ञान यज्ञ के पहले कलश यात्रा



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

खजराना गणेश मंदिर सभागृह में दादा गुरु परिवार इंदौर नर्मदा मिशन की मेजबानी में प्रारम्भ हुए 7 दिवसीय नर्मदा चिंतन ज्ञान यज्ञ शुरू हुआ उसके पहले वृक्ष कलश यात्रा निकाली गई। अब मातृशक्तियों को पौधों का वितरण किया जा रहा है। माँ नर्मदा पर उद्‌बोधन भी आचार्य रविकांत शास्त्री द्वारा दिए गए। शिव जिंदल, राजेश गर्ग, राजेंद्र बंसल, नित्यम बंसल, देवांग शर्मा मौजूद थे।



# जैन धर्म सभा में नवकार महामंत्र की महत्ता और भाव यात्रा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** द्वारकापुरी स्थित शीतलनाथ श्वेताम्बर जैन मंदिर के ध्वजारोहण महोत्सव में आयोजन किया जा रहा है। नवकार महामन्त्र के 68 अक्षरों की महत्ता और 68 तीर्थों की हुई भाव यात्रा का धार्मिक आयोजन किया गया। मुख्य महोत्सव 8 मई को आयोजित होगा। प्रयास प्रवर योग रुचि विजय म.सा. ने आशीर्वचन भी दिए और नवकार मंत्र की महत्ता भी बताई। संजय नाहर, सुशील कुकड़ा, चेतन भंडारी, अमृत मूणत, विनोद कोठारी, अजय लुणावत, समता तरवेचा, चन्दन जैन, सुनीता जैन ने अपनी भूमिका निभाई।

# माहेश्वरी युवाओं ने लगाया बाल संस्कार आवासीय शिविर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



जिला माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा माहेश्वरी समाज के बच्चों के लिए 5 दिवसीय बाल संस्कार आवासीय शिविर – 'प्रकृति की खोज' का आयोजन किया जा रहा है जो 10 मई तक आयोजित होगा, जिसमें भाग लेने वाले बच्चे पूरे समय शिविर स्थल पर ही निवास करेंगे। यह शिविर सत्यधारा आश्रम – योगलाइफ ग्लोबल (इंदौर-खंडवा रोड, चोरल) में आयोजित आज से किया जा रहा है।बच्चों को मोबाइल और डिजिटल दुनिया से दूर रखकर वास्तविक प्रकृति के सान्निध्य में सीखने का अवसर मिलेगा। यह शिविर विशेष रूप से 9 से 14 वर्ष आयु के बच्चों के लिए तैयार किया गया है, जिसमें संस्कार, संस्कृति, व्यक्तित्व विकास एवं आत्मनिर्भरता का समन्वय देखने को मिलेगा। शिविर में जिप लाइन, रॉक क्लाइंबिंग, रैपलिंग एवं नेचर ट्रेकिंग नेचर एक्सप्लोर एवं जंगल वॉक, टीम बिल्डिंग गेम्स एवं लीडरशिप डेवलपमेंट सितारों के नीचे खगोल विज्ञान, कैंपफायर, म्यूजिकल नाइट एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ पूल पार्टी, मंदिर दर्शन एवं विलेज टूर सहित अन्य का आयोजन है। शाम को खेलकूद और रात्रि में सांस्कृतिक गतिविधियां रहेगी। शिविर में सुरक्षा, मेडिकल सुविधा, नाश्ता, भोजन, दूध सभी व्यवस्थाएं की गई है। आयोजन से राम सोमानी, राहुल काबरा, आदर्श चितलांग्या, वेदांत भूतड़ा, दीपक माहेश्वरी, अक्षत झंवर, पद्मेश माहेश्वरी, विजय माहेश्वरी, नेहा माहेश्वरी, प्रियंका भलिका, राखी अजमेरा, अमिता मंत्री, दिव्यांशी माहेश्वरी, माहिका झंवर, गौरव दरक, श्याम कचौलियां, संकेत बाहेती, सुयश साबू, अनिल बियानी अपनी भूमिका निभा रहे हैं।



# माहेश्वरी बंधुओं ने दिया कल्याण महोत्सव विवाह का बप्पा को निमंत्रण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री माहेश्वरी डीडवाना पंचायती 140 घर थोक एवं श्री माहेश्वरी डीडवाना महिला मंडल 140 घर द्वारा पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में 23-24 मई को श्री लक्ष्मी वेंकटेश देवस्थान, छत्रीबाग में आयोजित 'कल्याण महोत्सव' अंतर्गत श्री गोदा रंगनाथ विवाह महोत्सव में विवाह आयोजन का प्रथम निमंत्रण भगवान गणेशजी को मंगल पत्रिका और प्रसाद के साथ दिया गया। पवन भलिका ने बताया कि इस अवसर पर आशा सिंगी, ज्योति मुछाल, सविता भांगड़िया, नेहा भलिका, प्रियंका भलिका, सीमा लालावत, सुधा मालपानी, शैलजा मुच्छल,मेहा छापरवाल, पंकज गांधी, सुधा मालू, सुषमा मालू,वासुदेव मालू मौजूद थे।

## लहरी की कार्टूनशाला में रजिस्ट्रेशन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर प्रेस क्लब सदस्यों एवं मीडिया के साथियों के बच्चों के लिए कार्टूनिस्ट इस्माइल लहरी की तीन दिवसीय कार्टूनशाला 22 से 24 मई की सुबह 8.30 से 9.30 बजे तक आयोजित की जा रही है। इसके लिए कल से रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके है जो 18 मई तक किए जाएंगे। इस मामले में प्रेस क्लब में अशोक गौड से मिलकर रजिस्ट्रेशन किए जा सकते है।

# बड़े बालाजी को लगा फलों का भोग

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नौलखा स्थित श्री सिद्धेश्वर वीर बड़े बालाजी हनुमान मन्दिर में हनुमानजी को 1100 फलों का भोग लगाया,108 दीपों की महाआरती हुई। मन्दिर के महंत गोकरननाथ महाराज, महंत महेशानंद महाराज ने बताया कि ज्येष्ठ महीने के पहले मंगलवार को हनुमान जी का पूजन अर्चन किया। इस अवसर पर महंत प्रकाशानंद महाराज सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद थे।





## गुरुदेव ने शाकाहार और नशा मुक्त का दिया संदेश

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संत बाबा उमाकान्त महाराज ने कनाडिया में सत्संग के दौरान कहा कि वे शाकाहार रहे, शाकाहार अपनाएं और नशामुक्त हो जाएं यह सब जय गुरुदेव के नाम से ही बचत सम्भंव है। सत्संग में बाबा उमाकांत महाराज ने कहा कि आगे का समय बहुत खराब आ रहा है। विदेशों में देखो! लड़ाइयां शुरू हो गईं, कोई झुकने को तैयार नहीं है। भारत जैसे कुछ ही देश ऐसे हैं जो लड़ाई नहीं चाहते हैं लेकिन कुछ लोग ऐसे हैं जो लड़ाई करवा रहे हैं और कर रहे हैं। उनके समझ में नहीं आ रहा है। खान-पान खराब हो जाता है तो चरित्र गिर जाता है तब बुद्धि सही से काम नहीं करती है। सत्संग, सुमिरन, ध्यान, भजन पर भी चर्चा की गई।

## जैन जिनालय चोरी पर पुलिस से चर्चा, मंदिर भी पहुंची टीम

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** दिगंबर जैन नवग्रह जिनालय में हुई मूर्तियों और चांदी के सामान की बडी चोरी के बाद अभी तक चोर पकड़ में नहीं आए है इससे जैन समाजजनों में आक्रोष है। सामाजिक संसद के पूर्व



अध्यक्ष नरेन्द्र वेद ने इस चोरी पर सभी जैन समाजजनों को सूचना भी दी थी। कल दोपहर सामाजिक संसद के अध्यक्ष विनय बाकलीवाल,सौरभ पाटोदी, देवेन्द्र सोगानी, सतीश जैन,ऋषभ पाटनी, अशोक काला, चंदू गोधा, दिलीप लुहाड़िया ने एरोड्रम थाना प्रभारी नरेन्द्र कुशवाह से मुलाकात की और पुलिस कमिश्नर से भी चर्चा की गई और चोरों को शीघ्र पकडने और प्रतिमा व मंदिर का कीमती सामान वापस दिलवाने के लिए बात भी की, यह भी कहा गया कि अगर जल्द चोर नहीं पकडे गए तो जैन समाजजनों को प्रदर्शन करना पडेगा। पुलिस ने आश्वस्त किया कि इस चोरी को पकडने के लिए टीम लगा दी गई है। वहीं सामाजिक संसद की टीम पुलिस थाना के बाद नवग्रह जिनालय मंदिर भी पहुंची और वहां प्रभु के दर्शन भी किए और भगवान से जल्द चोर पकड़े जाने की गुहार लगाई।

## ग्रीष्मकालीन वाचना महोत्सव



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कल्पतरु नवोदित तीर्थ आदिवीर जिनालय में आचार्य 108 कुमुदनन्द महाराज,आचार्य 108 विप्रणत सागर महाराज के सान्निध्य में आध्यात्मिक ग्रीष्मकालीन वाचना महोत्सव और प्रवचन, मंगल कलश स्थापना, ध्वजारोहण, आहार कक्ष, संत सदन का उदघाटन कार्यक्रम किया गया। संचालन अर्पित वाणी ने किया।

## प्रेस क्लब की साधारण सभा होगी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इन्दौर प्रेस क्लब की साधारण सभा 17 मई रविवार को सुबह 11.30 बजे इंदौर प्रेस क्लब के राजेंद्र माथुर सभागार में आयोजित की गई है। सदस्यता शुल्क से लेकर अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी। आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की जाएगी। नई सदस्यता को लेकर भी साधारण सभा में अनुमोदन किया जाएगा।

## अग्रसेन क्रिकेट महालीग का बप्पा और कुलदेवी को निमंत्रण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अग्रसेन क्रिकेट क्लब द्वारा 17 से 24 मई तक अग्रसेन क्रिकेट महालीग का आयोजन पीपल्याहाना, पाथ ग्राउंड स्थित महाराजा अग्रसेन चौक पर प्रतिदिन शाम 5 से रात 10 बजे तक दुधिया रोशनी में आयोजित होगा। इसका निमंत्रण खजराना गणेश बप्पा और कुलदेवी महालक्ष्मीजी को दिया गया। संजय बांकड़ा, राहुल गोयल, प्रयोग गर्ग, राहुल गुप्ता, अनमोल अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल, कृष्णा बंसल, किरीट मित्तल, पियूष अग्रवाल, प्रभात अग्रवाल मौजूद थे।





# जैन संतों की आहार चर्या

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सैटेलाईट जिनालय के महेन्द्र जैन ने बताया कि संत मुनिराज 108 मुनिश्री विमलसागर एवं 108 मुनिश्री अनंतसागर महाराज इन्दौर प्रवास के दौरान सैटेलाईट जिनालय पधारे वहां पर समस्त भक्तगण ने मंगल अगवानी की। आहारचर्या के लिए कई भक्तो ने अपने घर चौके लगाये।

## जारी है जनगणना का कार्य

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** तेज गर्मी के बावजूद इन दिनों शासकीय कर्मचारी जनगणना के पहले चरण का कार्य कर रहे हैं।प्रगणक साजिद अली, इशाक कुरैशी, आबिद अली,शमीना खान आरती ईरवर सुपरवाइजर पंकज जैन डिजिटल जनगणना का कार्य कर रहे है।



# 13 साल के बच्चे से कराया जा रहा था बाल श्रम



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** महिला एवं बाल विकास विभाग के रजनीश सिन्हा के निर्देशन पर द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में बाल श्रम पर कार्रवाई की गई। एक गैरेज पर 13 वर्षीय बालक काम कर रहा था। श्रम कानून के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज किया गया। बालक को अभिरक्षा में लेकर बाल कल्याण समिति के आदेश पर संस्था लोक बिरादरी ट्रस्ट अरमान में प्रवेश दिया गया। इस कार्रवाई में अधिकारी आशीष गोस्वामी, प्रवेश गुप्ता, फूलसिंह कारपेंटर, राहुल गोठाने का सहयोग रहा।

## नुक्कड़ नाटक के अलावा सड़क सुरक्षा गीत

### कलाकारों ने मिमिक्री भी यातायात जागरूकता के लिए की



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** यातायात पुलिस द्वारा लगातार यातायात नियम, सड़क सुरक्षा को लेकर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी जनजागृति के लिए नुक्कड नाटक, सड़क सुरक्षा गीतों और विभिन्न कलाकारों की मिमिक्री के माध्यम से भी नियमो के पालन का संदेश दिया। ट्रेनी एयर होस्टेस ने आकर्षक अंदाज में की, सभी से सड़क सुरक्षा नियमो के पालन की अपील पलासिया चौराहा पर की। इसमें सड़क सुरक्षा गीत, नुक्कड़ नाटक, एयर होस्टेस ट्रेनिंग स्टूडेंट्स द्वारा आकर्षक अंदाज में ट्रैफिक नियमों की जानकारी, तथा मिमिक्री आर्टिस्ट दीपक नीमा द्वारा विभिन्न कलाकारों की आवाज में सड़क सुरक्षा का संदेश प्रस्तुत किया गया, जिसे नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सराहा।

## सैनिक सम्मेलन का आयोजन होगा

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** जिले एवं आस-पास के क्षेत्रों में निवासित सभी पूर्व सैनिकों, वीरनारियों, विधवाओं एवं आश्रितों के कल्याण के लिये मासिक सैनिक सम्मेलन का आयोजन 12 मई की सुबह 11.30 बजे से जिला सैनिक कल्याण कार्यालय जयरामपुर कालोनी के सभागार में आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी नगेशचन्द्र मालवीय ने दी।

## बिना अनुमति निर्माण संबंधी सुनवाई कल

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** न्यायालय के निर्देश पर बिना अनुमति के निर्माण संबंधी मामले में कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा कल 7 मई को दोपहर 3.30 बजे कलेक्टर न्यायालय कक्ष 101 में सुनवाई करेंगे। इंदौर विकास प्राधिकरण की योजना क्रमांक 44 के पार्किंग स्थल पर निर्मित धार्मिक स्थल मोरीवाले बाबा की दरगाह, मस्जिद एवं दुकान के बिना अनुमति निर्माण संबंध में प्रकरण की सुनवाई होगी। इस मामले में संबंधित लोगों को मौजूद रहना होगा।

## पुलिस अधीक्षक का विदाई समारोह

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** इन्दौर पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, इंदौर के पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार वर्मा सर का



स्थानांतरण पुलिस अधीक्षक जिला इंदौर (देहात) के पद पर होने पर पीटीसी में कल राजेंद्रकुमार वर्मा का विदाई समारोह आयोजित किया गया। स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मान किया गया और नई पदस्थापना की बधाई भी दी गई।

## होटल में बिना लाइसेंस के शराब की बिक्री

### फायर सेफ्टी भी नहीं पाई गई

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** महू क्षेत्र के एसडीएम राकेश परमार, तहसीलदार और नायब तहसीलदार और पुलिस की टीम ने किशनगंज क्षेत्र के ग्राम संतेर में होटल एमके का निरीक्षण किया।

अधिकारियों के मुताबिक यहां फायर सेफ्टी के लिए निरीक्षण किया गया, जिसमें कमी पाई गई और यहां बिना लाइसेंस के अवैध रूप से शराब की बिक्री भी की जा रही थी। अधिकारियों ने आबकारी विभाग के अधिकारियों को बुलवाकर कार्रवाई अवैध शराब की भी करवाई। होटल में फायर सेफ्टी नॉर्म्स भी नहीं पाए गए। घरेलू गैस सिलेंडर पाए गए, इस पर भी खाद्य विभाग को बुलाकर कार्रवाई की गई। होटल जिस भवन में बना हुआ था उस बिल्डिंग की पंचायत और राजस्व विभाग से अनुमति प्राप्त नहीं की गई थी। अधिकारियों ने इस होटल को सील किया। बताया गया कि यह होटल सरपंचपति की है।

## हेलमेट पहनें सुरक्षित रहे जागरूकता




**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** पुलिस कमिश्नर संतोषकुमार सिंह हर सप्ताह हेलमेट वितरण का आयोजन करते हैं, कल 30वीं बार हेलमेट पहने सुरक्षित रहे जनजागरूकता अभियान खुद पुलिस कमिश्नर की मौजूदगी में उनके हाथों से किया गया। अभी तक 4220 हेलमेट प्रदान किए गए हैं। पुलिस अधिकारी राकेशकुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।

# श्रीनगर कांकड़ में बारिश से पहले रहवासियों को मिलने वाली है नई सीमेंटेड सड़क की सौगात

**इंदौर।** विधानसभा 5 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 43 में स्थित श्रीनगर कांकड़ में क्षेत्र के रहवासियों को बारिश का सीजन शुरू होने से पहले नई सीमेंटेड सड़क की सौगात मिलने वाली है। जिसके लिए निगम ने तैयारी भी शुरू कर दी है। निगम अधिकारियों के मुताबिक़ श्रीनगर कांकड़ मेंनरोड पर किराना दुकान लेन से सुपारी वाली लेन तक सड़क निर्माण और चौड़ीकरण में बाधक निर्माण और ओटले तोड़कर सड़क को पहले से चौड़ीकर नव निर्माण किया जाना है। जिससे भविष्य में यहां से आने - जाने वाले सैकड़ों रहवासी परिवार को बड़ा फायदा होगा। साथ ही लोगों की राह भी आसान होगी।



### लंबे समय से बस्ती क्षेत्र की क्षतिग्रस्त सड़क के बजाय नई सड़क से मिलेंगी राहत

वहीं खास बात यह है कि बस्ती क्षेत्र की लंबे समय से क्षतिग्रस्त सड़क के बजाय अब निगम द्वारा क्षेत्रीय रहवासियों की मांग पर नई सड़क की सौगात आने वाले दिनों में मिलने वाली है जिससे लोगों में बेहद खुशी है। रहवासियों का कहना है कि सालों पुरानी मांग अब जाकर पूरी होगी। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और निगम के सहयोग से बारिश से पहले बस्ती क्षेत्र की सड़क बनने से क्षेत्र के लोगों की राह आसान होगी।

# 15000 से ज्यादा नई एलईडी लाइटों से दूर होगा शहर के बड़े हिस्से का अंधेरा दूर

### *नई और पुरानी कॉलोनियों में लंबे समय से खाली पड़े पोल पर अब नजर आएगा उजाला*

**इंदौर।** इंदौर नगर निगम द्वारा आने वाले दिनों में शहर के सभी 85 वार्डों में जहां जैसी जरूरत है वहां उस हिसाब से करीब 15000 से ज्यादा नई एलईडी लाइटों से संपूर्ण एरिया में जगमगाहट करने की तैयारी शुरू कर दी है। जिसके अंतर्गत निगम द्वारा हाल ही में निविदा जारी कर प्रमुख क्षेत्र में नवीन एलइडी स्ट्रीट लाइट लगाने



और संबंधित क्षेत्र का अंधेरा दूर करने के लिए टेंडर संबंधित प्रक्रिया शुरू कर अपनी ओर से तैयारियां भी शुरू कर दी है।

**सबसे पहले लंबे समय से खाली बिजली के पोल पर लगाएंगे नई लाइटिंग -** वही खास बात यह है कि निगम द्वारा नई लाइटिंग की खरीदी प्रक्रिया पूरी होने के बाद सबसे पहले नई कालोनियां और अन्य प्रमुख क्षेत्र में जहां बिजली के पोल खाली पड़े है वहां सबसे पहले एलइडी लाइटिंग लगाने की तैयारी है। इसके अलावा सभी वार्डों में जहां जैसी जरूरत है उस हिसाब से प्राथमिकता के साथ नई एलइडी लाइटिंग लगाई जाएगी। साथ ही इसके अलावा लंबे समय से बंद और खराब लाइटिंग को बदलकर भी नई एलइडी लाइटिंग लगाने की निगम के विद्युत विभाग द्वारा पहले से तैयारी कर रखी है। वहीं अब निविदा प्रक्रिया पूरी होते ही निगम लंबे समय से लाइटिंग लगाने के बंद काम को एक बार फिर से शुरू करने की तैयारी में है।

# अतिक्रमण हटाओ मुद्दे पर व्यापारियों में हड़कम्प

**खरगोन (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** नगर पालिका स्वास्थ्य अधिकारी प्रकाश चित्ते ने बताया पिछले पांच सालो से सनावद रोड पर नाले की गांद और साफ-सफाई कार्य नही हो रहा था। कई व्यापारियों ने नाले पर अतिक्रमण कर रखा हुआ था जिसको लेकर नालो की साफ-सफाई नही हो पा रही थी। जिस कारण बरसात के दिनो मे पानी दवाखाने मे पहुंच जाता था। जिसको लेकर नगर पालिका कि टिम और साफ-सफाई कार्य के लिए सफाई कर्मचारियो कि टीम द्वारा नगर पालिका के जैसिबी मशीन से नालो कि गांद और जमा हुआ बदबूदार कचरे को निकाल कर नगर पालिका ट्रेक्टर ट्रालियो की मदद से गांद और कचरा निकाल कर ट्रेंचिंग ग्राउंड भिजवाया गया। नालियों में



प्रेशर से पानी भी डाला गया। कहा यह भी गया कि पांच सालों से इन नालियों की सफाई नहीं हुई। इन नालियों की सफाई के दौरान व्यापारियों में हड़कम्प देखा गया वहीं एक प्राइवेट हास्पिटल के पास भी नाले पर अतिक्रमण कर रखा है वह अतिक्रमण मुक्त कर हटाया जायेगा। नालों पर व्यापारियों ने अतिक्रमण कर रखा था, जिसे भी मुक्त कराया गया। यह भी देखा जा रहा है कि जो लीज की जमीन है उसमें लीज रिनिवल कराई गई है या नहीं। जो-जो अतिक्रमण है उस अतिक्रमण को हटाने का काम भी किया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी प्रकाश चित्ते ने बताया कि दो माह से शहर को स्वच्छ बनाने का काम किया जा रहा है।

## संपादकीय

# महिला आरक्षण पर दावे बड़े, हकीकत छोटी: चुनाव में टिकट से जीत तक क्यों सिमटी भागीदारी

पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुदुचेरी में हुए चुनाव के दौरान कुल आठ सौ चौबीस सीटों पर चुनाव हुए। उनमें जीत हासिल करने वाली महिलाओं का अनुपात बेहद कम रहा। देश की सभी पार्टियां राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का एक मत से समर्थन करती हैं। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किए जाने के लिए तैंतीस फीसद आरक्षण का विधेयक पारित कराने में भी सभी दलों की भूमिका रही। मगर महिलाओं की नुमाइंदगी के सवाल पर संजीदा दिखने वाली लगभग सभी पार्टियां क्या तब तक इस मुद्दे पर ठोस पहल नहीं करेंगी, जब तक विधायिका में आरक्षण की व्यवस्था व्यवहार में लागू न हो जाए? आखिर क्या वजह है कि देश में लोकसभा या फिर विधानसभा के लिए जब भी चुनाव होते हैं, तो उसमें पर्याप्त संख्या में महिलाओं को टिकट देने को लेकर ईमानदार इच्छाशक्ति का अभाव दिखता है? गौरतलब है कि चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव में सभी पार्टियों की ओर से जितनी महिलाओं को टिकट दिया गया और उनमें जीतने वालों की जो संख्या रही, वह महिला भागीदारी के सवाल पर राजनीतिक दलों के प्रचारित सरोकार के प्रति ईमानदारी को कठघरे में खड़ा करती है। दरअसल, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुदुचेरी में हुए चुनाव के दौरान कुल आठ सौ चौबीस सीटों पर चुनाव हुए। उनमें जीत हासिल करने वाली महिलाओं का अनुपात बेहद कम रहा। नतीजों के मुताबिक, इन पांचों प्रदेशों में कुल पांच फीसद सीटों पर ही महिलाएं चुनी गईं। इन राज्यों में अलग-अलग पार्टियों ने महिलाओं को टिकट देने में भी अपने घोषित सरोकारों के उलट रवैया अपनाया। मसलन, पश्चिम बंगाल में दो सौ सात सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में सामने आने वाली भाजपा ने सभी 294 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए थे, लेकिन उसने सिर्फ तैंतीस सीटों पर महिलाओं को मौका दिया था। जबकि तृणमूल कांग्रेस ने अपनी उम्मीदवारी के 291 सीटों में से 52 महिलाओं को टिकट दिया था। नतीजतन, राज्य की कुल सीटों में से सिर्फ दस फीसद महिलाएं जीत सकीं। दूसरी ओर, तमिलनाडु की राजनीति में एक बड़ा बदलाव हुआ, जहां सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी टीवीके 234 सीटों पर चुनाव लड़ी, लेकिन उसने सिर्फ चौबीस महिलाओं को उम्मीदवार बनाया था। असम में फिर से जीतने वाली भाजपा और उसके सहयोगी दलों ने 126 सीटों में से केवल छह महिलाओं को टिकट दिया। केरल में जीत हासिल करने वाली यूडीएफ ने सिर्फ दस महिलाओं को मौका दिया। जाहिर है, तकरीबन सभी पार्टियों ने महिलाओं को उम्मीदवार बनाने में कोई खास उत्साह नहीं दिखाया। हालांकि हाल ही में संसद में परिसीमन विधेयक पारित न होने के संदर्भ में महिला आरक्षण का सवाल चुनावी राजनीति का भी मुद्दा बना और भाजपा की ओर से इस मसले पर विपक्षी दलों पर सवाल उठाए गए। विडंबना यह है कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के घोषित दावों के बरक्स टिकट देने के मामले में भाजपा सहित सभी पार्टियों के भीतर इच्छाशक्ति की कमी दिखती है। क्या यही सबसे बड़ी वजह नहीं है कि विधायिका में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने और एक न्यायपूर्ण संतुलन के लिए आरक्षण की जरूरत पड़ी? महज औपचारिकता पूरी करने के लिए किसी महिला को टिकट देना सरोकारों के प्रति ईमानदारी को नहीं दर्शाता है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि महिला आरक्षण की व्यवस्था को जल्द लागू किया जाए और उसके समांतर सभी राजनीतिक दलों की ओर से महिलाओं को अधिकार के रूप में ज्यादा से ज्यादा अवसर देने को लेकर ईमानदारी से पहल हो।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 152200 | 152000 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 246000 | 251200 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# सिरफिरे युवक ने सरेराह रोका युवती का रास्ता कहा- मुझसे बात करो वरना मार डालूंगा

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक युवती का पीछा करने और उसे धमकाने का गंभीर मामला सामने आया है। छिंदवाड़ा से आए एक युवक ने कॉलेज की पुरानी जान-पहचान का फायदा उठाकर युवती को परेशान करना शुरू कर दिया और बात न करने पर उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

लसूड़िया पुलिस के अनुसार, 24 वर्षीय पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी हेमन्त पिता भोजराम वर्मा निवासी छिंदवाड़ा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह आरोपी हेमन्त को पिछले करीब डेढ़ साल से जानती थी। दोनों छिंदवाड़ा के पीजी कॉलेज में साथ पढ़ते थे। पढ़ाई पूरी होने के बाद युवती इंदौर आकर काम करने लगी और तब से उसका हेमन्त से कोई संपर्क नहीं था। शिकायत के मुताबिक, पिछले कुछ दिनों से हेमन्त लगातार युवती को फोन कर मिलने और बात करने का दबाव बना रहा था। परेशान होकर युवती ने उसका नंबर ब्लॉक कर दिया, लेकिन इससे आरोपी की सनक और बढ़ गई। बीती शाम करीब 6:30 बजे जब पीड़िता अपने ऑफिस से दोस्त विशाल विश्वकर्मा के साथ घर लौट रही थी, तभी हेमन्त पीछा करते हुए टेलीपरफॉर्मेंस के सामने पेट्रोल पंप वाली गली में आ गया। उसने युवती का रास्ता रोका और चिल्लाते हुए कहा तुम मुझसे बात क्यों नहीं करती हो यदि तुम मुझसे बात नहीं करोगी, तो मैं तुझे जान से मार दूंगा।बीच सड़क पर हंगामा होते देख वहां अन्य राहगीर जमा होने लगे, जिन्हें देखकर आरोपी हेमन्त वर्मा मौके से भाग निकला।

# टक्कर के बाद ई-रिक्शा चालक ने दिखाई गुंडागर्दी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

एरोड्रम थाना क्षेत्र में सड़क पर हुए मामूली विवाद में एक ई-रिक्शा चालक ने खुद को अपराधी बताकर दूसरे चालक की बेरहमी से पिटाई कर दी। राजवाड़ा पर हुई एक छोटी सी टक्कर का बदला लेने के लिए आरोपी ने पीछा किया और कालानी नगर चौराहे के पास पीड़ित को घेरकर उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

**साथी के साथ मिलकर बीच सड़क पर की मारपीट**

पुलिस के अनुसार, फरियादी मोहम्मद अली खान पिता अब्दुल सलीम खान निवासी टोरी कॉर्नर, मल्हारगंज ई-रिक्शा चलाने का काम करते हैं। मोहम्मद अली राजवाड़ा से सवारियां बैठाकर एयरपोर्ट की ओर जा रहे थे। राजवाड़ा क्षेत्र में ही उनके रिक्शे की टक्कर आगे चल रहे एक अन्य ई-रिक्शा से हो गई थी। उस वक्त दूसरा चालक अपना रिक्शा लेकर वहां से चला गया, लेकिन उसने मन में रंजिश पाल ली। जैसे ही मोहम्मद अली अपनी सवारियों को लेकर कालानी नगर चौराहे पर स्थित 'मौसा जलेबी' के आगे पहुंचे, तभी राजवाड़ा पर टकराने वाला ई-रिक्शा चालक अपने एक अन्य साथी के साथ वहां आ धमका। आरोपियों ने मोहम्मद अली का रास्ता रोका और अश्लील गालियां देना शुरू कर दिया। आरोपी चालक, जिसकी पहचान विक्रमसिंह के रूप में हुई है, ने पीड़ित को धमकाते हुए कहा तू मुझे जानता नहीं है, मुझे विक्रमसिंह कहते हैं। मैं अभी जेल से छूटकर आया हूं।इतना कहकर विक्रमसिंह और उसके साथी ने मोहम्मद अली के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी।

# नेहरू पार्क के पास से ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार

### *दो लाख की ड्रग्स और मोबाइल जब्त*

**इंदौर।** शहर में नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत तुकोगंज थाना पुलिस ने नेहरू पार्क के सामने स्थित शिव मंदिर के पास घेराबंदी कर एक शातिर नशा तस्कर को दबोचा है, जिसके कब्जे से लाखों रुपए मूल्य की ब्राउन शुगर बरामद की गई है।

तुकोगंज पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि नेहरू पार्क इलाके में एक व्यक्ति मादक पदार्थ की सप्लाई के लिए आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने नेहरू पार्क शिव मंदिर के सामने संदिग्ध अवस्था में खड़े एक युवक को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अब्दुल साबिर उर्फ सलमान पिता अब्दुल रउफ निवासी आजाद नगर, इंदौर बताया। पुलिस ने जब आरोपी अब्दुल साबिर की तलाशी ली, तो उसके पास से अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद हुई। तौल कराने पर इसका कुल वजन 11.60 ग्राम निकला, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 2 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के पास से तस्करी में इस्तेमाल किया जा रहा एक मोबाइल फोन भी जब्त किया है। तुकोगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है कि वह यह नशा कहां से लाया था और इंदौर में किन-किन लोगों को इसकी सप्लाई करने वाला था।

# कंपनी की जमीन पर मिट्टी डलवाने गए सुपरवाइजर को घेरकर धमकाया

**इंदौर।** गांधी नगर थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। एक निजी इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी की जमीन पर मिट्टी डलवाने पहुंचे सुपरवाइजर का रास्ता रोककर दबंगों ने न केवल काम रुकवा दिया, बल्कि गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। खास बात यह है कि उक्त जमीन को लेकर तहसीलदार पूर्व में ही आरोपियों के विरुद्ध आदेश पारित कर चुके हैं। पुलिस ने मामले में नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी रविन्द्र पिता प्रकाश ठाकरे निवासी करोल बाग, बाणगंगा ने शिकायत दर्ज कराई है कि वे के.बी.जी. लाइफ इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हैं। शरद माधव विहार कॉलोनी के आगे कंपनी की खसरा क्रमांक 41/4/1 की खाली जमीन स्थित है। इस भूमि के विक्रय पत्र और समस्त वैध दस्तावेज कंपनी के पास मौजूद हैं। इसी जमीन से जुड़े एक प्रकरण में तहसीलदार मल्हारगंज ने आरोपी राजेन्द्र खेमलानी के विरुद्ध आदेश भी पारित किया था। बीती सुबह करीब 11 बजे जब रविन्द्र कंपनी की इस जमीन पर मिट्टी डलवाने के लिए पहुंचे, तभी वहां आरोपी राजेन्द्र पिता किशनचंद खेमलानी निवासी शरद माधव विहार कॉलोनी, गांधीनगर, राहुल शर्मा और उनके अन्य साथी आ धमके। आरोपियों ने काम रोक दिया और रविन्द्र का रास्ता रोककर बोले कि हम तुम्हें यहां मिट्टी नहीं डालने देंगे।जब रविन्द्र ने उन्हें बताया कि यह जमीन कानूनी रूप से उनकी कंपनी की है और उनके पास आदेश है, तो आरोपी भड़क गए। राजेन्द्र खेमलानी, राहुल शर्मा और उनके साथियों ने रविन्द्र के साथ अश्लील गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोपियों ने खुलेआम धमकी दी कि अगर तुमने यहां मिट्टी डाली, तो जान से खत्म कर देंगे।

# पुलिसकर्मी ने शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

**फेसबुक पर हुई थी दोस्ती, सरकारी क्वार्टर में बुलाकर की ज्यादती**

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया के जरिए हुई दोस्ती के बाद आरोपी पुलिसकर्मी द्वारा पीड़िता के साथ यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। आरोपी जीआरपी में आरक्षक के पद पर पदस्थ है। आरोपी ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर अपने सरकारी क्वार्टर में बुलाया और लंबे समय तक उसका शारीरिक शोषण किया।

कनाड़िया पुलिस के अनुसार, 35 वर्षीय पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी सचिन पिता हरिनारायण चंद्रवंशी निवासी जवाहर चौक, कमला नगर, भोपाल के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी सचिन से उसकी पहचान फेसबुक के जरिए हुई थी। धीरे-धीरे बातचीत बढ़ी और दोनों एक-दूसरे को पसंद करने लगे। इसी दौरान आरोपी ने पीड़िता के सामने शादी का प्रस्ताव रखा और उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। आरोपी सचिन, जो कि पुलिस विभाग में आरक्षक है, उसने युवती को विश्वास में लेकर कनाड़िया थाना क्षेत्र स्थित अपने सरकारी क्वार्टर में बुलाया। आरोप है कि वहां उसने शादी का झांसा देकर पीड़िता के साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। जब भी पीड़िता विवाह के लिए कहती, आरोपी जल्द ही शादी करने का आश्वासन देकर बात टाल देता था। काफी समय बीत जाने के बाद जब पीड़िता ने शादी के लिए अंतिम बार दबाव बनाया, तो आरक्षक सचिन ने साफ तौर पर इनकार कर दिया और उसे छोड़ दिया। खुद को ठगा महसूस कर पीड़िता ने भोपाल पुलिस की शरण ली थी।

एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह के मुताबिक, पीड़िता ने पहले भोपाल में शिकायत दर्ज कराई थी, जहां से जीरो पर मामला कायम कर जांच के लिए इंदौर भेजा गया है।एडिशनल डीसीपी ने बताया कि मामला दर्ज होने के बाद अब आरोपी आरक्षक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें सक्रिय हो गई हैं। कनाड़िया पुलिस आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

# जहां बनाए जाना है गरीबों के लिए मकान, वहां के हालात देखे

**इंदौर। इंदौर नगर निगम के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत जिन स्थान पर गरीबों के लिए मकान बनाए जाना है आज उन स्थान का अवलोकन किया गया।**

आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्रस्तावित आवासीय परियोजनाओं के स्थलों का निरीक्षण किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत आवंटित विभिन्न स्थानों सनावदिया, बढ़िया कीमा एवं उमरी खेड़ा गांव का स्थल निरीक्षण कर परियोजनाओं की प्रगति एवं संभावनाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से परियोजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।



निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्रस्तावित सभी आवासीय परियोजनाओं से पात्र हितग्राहियों को शीघ्र लाभ मिल सके, इसके लिए कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी कहा कि योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं शासन की गाइडलाइन का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जाए।उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत इंदौर नगर निगम द्वारा विभिन्न स्थलों पर आवास निर्माण हेतु कुल 5 डीपीआर मध्यप्रदेश शासन को प्रेषित की गई हैं। इन प्रस्तावों के अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु 1 बीएचके के 6048 आवासीय इकाइयाँ, 2 बीएचके के 1368 आवासीय इकाइयाँ एवं 3 2बीएचके के 720 आवासीय इकाइयों के निर्माण का प्रस्ताव शामिल है। इनमें से ताप्ती परिसर ट्रेजर फैंटेसी एवं बढ़िया कीमा क्षेत्र की 02 डीपीआर को केंद्र शासन से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है, जिससे इन परियोजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

# कामगार संघ पदाधिकारियों ने आयुक्त को बताई पीड़ा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अनुसूचित जाति एवं निगम कर्मचारी कामगार संघ ने जन सुनवाई में आयुक्त को सफाई कर्मचारी कामगारों की पीड़ा बताई। जब जिलाधीश ने इस तपती धूप में, गधा, घोड़ा, बैल, बोझा ढोने का काम नहीं करेगा, लेकिन सफ़ाई मित्र भरी दोपहरी में सफ़ाई कर रहा है। हाल ही में कलेक्टर ने मजदूरों को छाया मुहैया कराने एवं पीने के पानी के लिए आदेश दिए हैं लेकिन इन्दौर नगर निगम आयुक्त को बार-बार पत्र देने के बाद भी सफ़ाई कर्मचारी कामगारों की बात सुनने का अवसर यूनियन को नहीं दे रहे हैं जबकि तपती धूप गर्मी में सफ़ाई कर्मचारी काम कर रहा है वहीं साप्ताहिक छुट्टी से भी महरूम है। निर्धारित छुट्टी डॉ. भीम राव आंबेडकर जयंती एवं मजदूर दिवस पर भी भी छुट्टी नहीं दी गई। जिसका पारिश्रमिक वेतन नगद दिया जाए। यूनियन प्रतिनिधि काफी समय से कर्मचारी कामगारों की न्यायोचित मांगो पर चर्चा हेतु समय नहीं दे रहे हैं जिससे कर्मचारी कामगारों में रोष बना हुआ है। उक्त जानकारी कामगार संघ संयोजक महेश गौहर ने दी।

# अब निगम बगीचों में लंबे समय से बंद पड़ी सजावटी लाइटों की बजाय नई डिजाइनर लाइटिंग लगाएगा

**इंदौर।** अब नगर निगम इंदौर शहर में जोन के हिसाब से आने वाले गार्डन और बगीचों में लंबे समय से बंद पड़ी सजावटी लाइटों को बदलकर उनकी जगह नई डिजाइन वाली आकर्षक दिखने वाली लाइटिंग लगाएगा। जिसको लेकर निगम द्वारा जोन 1 और 16 के साथ जोन 20 के विभिन्न क्षेत्रों में आने वाले ज्यादातार छोटे से लेकर बड़े बगीचों में लंबे समय से बंद और खराब लाइटिंग को बदलकर इसकी जगह नई आकर्षक डिजाइन वाली लाइटिंग लगाएगा। जिससे लोगों को देर शाम तक घूमने - फिरने में अंधेरे की वजह से किसी प्रकार की दिक्कत और परेशानी नहीं आएगी।



**छुट्टियों में बच्चों को भी देर रात तक खेलने का आएगा मजा -** वही खास बात यह है कि गर्मी की छुट्टियों में कॉलोनी में क्षेत्र के बच्चों को घर के आसपास के बगीचों में देर रात तक भी नई लाइटिंग की चकाचौंध में खेलने में बड़ा सुकून मिलेगा। जबकि अभी हालत यह है कि घर के आसपास के गार्डन बगीचों में लंबे समय से लाइटिंग खराबी और बंद होने से बच्चों को शाम को अंधेरा होने के बाद अभी खेलने के लिए घर से दूर दूसरी कालोनियों के बगीचों में जाना पड़ता है। वहीं अब आने वाले दिनों में जल्द निगम द्वारा जोन 1 और 16 के साथ 20 से जुड़े विभिन्न बगीचों में बंद और खराब लाइटिंग की बजाय नई आकर्षक लाईटिंग लगाई जाएगी, जिससे सभी को इसका लाभ मिलेगा।

# जनता कालोनी और मरीमाता क्षेत्र का जल्द दूर होगा जलसंकटः जहां नहीं है लंबे समय से नर्मदा लाइन

## वहां अब 110 मिली मीटर व्यास की निगम बिछाएगा नई लाइन

**इंदौर।** विधानसभा एक से जुड़े जनता कॉलोनी से मरीमाता तक जहां नहीं है नर्मदा लाइन वहां विभिन्न कलोनियों और गलियों में अब निगम नई नर्मदा लाइन बिछाएगा। जिससे इस क्षेत्र के बड़े हिस्से का लंबे समय के बाद जलसंकट पूरी तरह से दूर हो जाएगा। वहीं नई नर्मदा लाइन डालने की कार्य योजना के अंतर्गत मकान नंबर 215 से 234 और 261 से 278 तक निगम 110 मिली मीटर व्यास की नवीन एचडीपीई पाइपलाइन डालने की तैयारी कर रहा है। इसके अलावा मरी माता स्क्वेयर के पास फ्रीगंज कॉलोनी और आसपास की गलियों में सालों बाद क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर पानी का संकट दूर करने के लिए नई एसडीपीआई पाइपलाइन बिछाएगा। जिससे क्षेत्र का लंबे समय का जल संकट दूर होगा।

**भविष्य में क्षेत्र के नागरिकों को मिलेगा पर्याप्त मात्रा में शुद्ध और साफ पानी-** साथ ही आने वाले दिनों में भविष्य में लोगों को यहां पर्याप्त मात्रा में साफ और शुद्ध पीने का पानी भरपूर प्रेशर के साथ मिलेगा। दरसअल अभी हालत यह है कि इन क्षेत्रों में कई जगह बरसों पुरानी क्षतिग्रस्त नर्मदा लाइन होने से लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा था। इसीलिए अब निगम द्वारा क्षेत्रीय जनता और जनप्रतिनिधियों की मांग पर नई नर्मदा लाइन बिछाने को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। जिससे आने वाले दिनों में बारिश से पहले निगम द्वारा यहां नई नर्मदा लाइन डालने का काम जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। इसके बाद सभी जगह एक जैसे प्रेशर के साथ नई लाइन से पहले से ज्यादा मात्रा में साफ पानी मिलने लगेगा।


**NAME CHANGE**

I Maseera **Mohammed Zakir** have Changed my name to Maseera **Mohammed Farhan Kapadiya W/O Mohammed Farhan Kapadiya** And I would be known as Maseera **Mohammed Farhan Kapadiya.**

**Add- 173 Shrinagar Extension, Indore**



**सरल गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित**
**ग्राम बड़ोदिया एमा ,तहसील सांवेर ,म.प्र.**

**निविदा**

**सांई विहार कालोनी ,धरमपुरी में ड्रेनेज लाइन बदलना, चेम्बर नये बनाना, कलर करना मय मटेरियल, मेन चेम्बर रिपेयर करना आदि के लिये योग्य ठेकेदार कृपया लिखे या संपर्क करें**

**गोपाल वाधवा (अध्यक्ष)**
**91, सच्चिदानंद नगर, अन्नपूर्णा रोड़, इन्दौर मो.98270-77889**




# इस बार मानसून सीजन में भागीरथपुरा के लोगों को नहीं गुजरना पड़ेगा कीचड़ भरी सड़क से

***वार्ड 11 से जुड़े भागीरथपुरा और अन्य क्षेत्र में अगले माह निगम देगा नई सीमेंटेड सड़क निर्माण की सौगात***

**इंदौर।** विधानसभा एक से जुड़े वार्ड 11 भागीरथपुरा क्षेत्र में स्थित सरकारी स्कूल के सामने वाली कॉलोनी के पीछे और गली के आसपास के बड़े हिस्से में लंबे समय से क्षतिग्रस्त सड़क की बजाय अब अगले माह बारिश शुरू होने से पहले निगम यहां नई सीमेंट कंक्रीट की सड़क का निर्माण कार्य शुरू करेगा।जिसके अंतर्गत निगम द्वारा अगले म'ाह में निविदा संबधित तमाम प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द यहां काम भी शुरू करवाएगा । यही नहीं इसके अलावा दुर्गा माता मंदिर और आसपास की गलियों में भी नई सीमेंट की सड़क का निर्माण किया जाना है। जिसके तहत लोगों के घरों और दुकानों के सामने के ओटले और बाधक निर्माण हटाकर सड़क का चौड़ीकरण कर क्षेत्र में पहले से ज्यादा मजबूत नई लंबी-चौड़ी सड़क का निर्माण किया जाएगा।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर**

**विद्युत विभाग**

E-mail: imcvidhyutvibhag@gmail.com

**विज्ञप्ति क्र.:** 09/26-27/ ई टेंडर C.E/E&M

**निविदा सूचना**

**दिनांक:** 04/05/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्मों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026-UAD-504889 04-05-2026 | झोन क्र. 1,16,20 के अंतर्गत विभिन्न उद्यानों में पूर्व से स्थापित लाईटों का संधारण संबंधी कार्य। | 1 माह ₹5,54,530/- | ₹2,000/- ₹5,600/- | 19.05.2026 5:30 PM |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

नगर शिल्पज्ञ
नगर पालिक निगम, इन्दौर



**इन्दौर नगर पालिक निगम**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **आकाश जैन पिता सुरेन्द्र जैन** पता भूखण्ड क्र. 654 वार्ड क्र. 16 नरीमन सिटी ब्लाक-ए छोटा बांगड़दा तहसील व जिला इन्दौर झोन क्र. 09 राजस्व विभाग पर सर्विस क्र.3303888 पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.09 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 09**
**नगर निगम इन्दौर**



**इन्दौर नगर पालिक निगम**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती काजल पति राहुल छायडी** पता 53 पैकी भाग छोटी खजरानी इन्दौर झोन क्र. 09 राजस्व विभाग पर सर्विस क्र. 2000155761 पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.09 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 09**
**नगर निगम इन्दौर**



**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मोती तबेला झोन-32**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री अनूप पिता श्री कांतिलाल अग्रवाल** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं. 9000024304 पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान नम्बर 140 प्रायवेट भूखण्ड क्र. जे-04 राजविहार निपानिया इंदौर क़े नाम दर्ज सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**नगर पालिक निगम इन्दौर**

# हिसाब बराबर करने उतरेंगे सनराइजर्स




**हैदराबाद (सिटी ब्लास्ट)।** आईपीएल के 49वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना टेबल टॉपर पंजाब किंग्स से आज शाम को होगा। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला प्लेऑफ की दौड़ के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है।

सनराइजर्स हैदराबाद ने टूर्नामेंट की खराब शुरुआत के बाद शानदार वापसी की थी और लगातार पांच मैच जीतकर लय में लौटे थे। हालांकि, पिछले मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 7 विकेट से हार झेलनी पड़ी। फिलहाल हैदराबाद 10 मैचों में 6 जीत और 4 हार के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। इधर पंजाब किंग्स ने सीजन की धमाकेदार शुरुआत की थी और पहले 7 में से 6 मैच जीते थे, जबकि एक मैच बारिश की वजह से रद्द हुआ था। लेकिन हाल के मुकाबलों में टीम को लगातार दो हार का सामना करना पड़ा पहल राजस्थान रायल और फिर गुजरात टाइटन्स के खिलाफ। इसके बावजूद पंजाब 9 मैचों में 13 अंकों के साथ टेबल में शीर्ष पर बनी हुई है। इस सीजन की शुरुआत में दोनों टीमों की भिड़ंत मुल्लांपुर में हुई थी, जहां पंजाब किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 6 विकेट से हराया था। ऐसे में एसआरएस इस मुकाबले में हिसाब बराबर करने उतरेगी।

## संजू सैमसन शतक के लिए क्यों नहीं हुए स्वार्थी?

**नई दिल्ली.एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स के ओपनर संजू सैमसन ने कमाल की बल्लेबाजी मंगलवार 5 मई को खेले गए मैच में की। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उन्होंने 87 रनों की पारी 156 रनों की रन चेज में खेली। इसके लिए वे प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए।

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स के ओपनर संजू सैमसन ने फिर से कमाल की पारी खेली। इस बार शतक नहीं लगा पाए, लेकिन नाबाद 87 रनों की पारी शतक से कम भी नहीं थी, क्योंकि उन्होंने अपनी टीम को जीत दिलाई। चेन्नई की टीम अब 10 में से 5 मुकाबले जीत चुकी है। मंगलवार 5 मई को चेन्नई के सामने 156 रनों का लक्ष्य था, जिसे सीएसके ने 17.3 ओवर में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। संजू सैमसन का साथ कार्तिक शर्मा ने निभाया। दोनों ने मिलकर 100 रनों से ज्यादा की साझेदारी की और मैच को फिनिश किया। मैच के बाद संजू सैमसन ने कई बातों को लेकर खुलकर जवाब दिए। प्लेयर ऑफ द मैच बने संजू सैमसन से पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन सेरेमनी में पूछा गया कि भीड़ आपको चेट्टा-चेट्टा कह रही है, क्या आपको यह पसंद है? इस पर सैमसन बोले, 'हां, वे मुझे चेट्टा कह रहे हैं, लेकिन मुझे संजू ज़्यादा पसंद है।' उन्होंने आगे अपनी पारी और शॉट्स को लेकर कहा,'मुझे लगता है कि हम यह पता लगाने की कोशिश करते हैं कि आपके लिए क्या सच में अच्छा काम करता है और आप बेसिक्स पर टिके रहने की कोशिश करते हैं और इस फ़ॉर्मेट में अपने हाथों पर भरोसा करते हैं, तो मुझे लगता है कि मैं पिछले दो-तीन महीनों से ऐसा करने की कोशिश कर रहा हूं। मैं अपने शुरुआती मूवमेंट पर थोड़ा काम कर रहा हूं और यह अच्छा हो रहा है।'

## दिल्ली कैपिटल्स के लिए खड़ी हो गई बड़ी समस्या

**नई दिल्ली.एजेंसी।** दिल्ली कैपिटल्स वर्सेस चेन्नई सुपर किंग्स मैच के बाद कोई असर देखने को नहीं मिला। इसके पीछे का कारण यह है कि जो टीम जहां विराजमान थी। इस मैच के बाद भी उन्हीं पायदानों पर बैठी हुई हैं। इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल के 19वें सीजन की पॉइंट्स टेबल पर दिल्ली कैपिटल्स वर्सेस चेन्नई सुपर किंग्स मैच के बाद कोई असर नहीं पड़ा है। जो टीम इस मैच से पहले जिस पायदान पर थी, अभी भी उसी पायदान पर है। हालांकि, दिल्ली कैपिटल्स के लिए अब मुश्किलें बढ़ गई हैं, जबकि चेन्नई सुपर किंग्स ने प्लेऑफ्स में पहुंचने की उम्मीदों को मजबूत किया है। चेन्नई को सीजन की पांचवीं जीत मिली है, जबकि दिल्ली की टीम ने अपना छठा मुकाबला गंवाया है, जिससे उनके लिए प्लेऑफ्स में पहुंचना कठिन हो गया है। 16 अंक हासिल करने के लिए अब दिल्ली कैपिटल्स को बाकी के बचे चारों मैच जीतने होंगे। आईपीएल 2026 पॉइंट्स टेबल में शीर्ष पर अभी भी पंजाब किंग्स है, जो लगातार दो मैच हार चुकी है। हालांकि, पहले सात में से 6 मैच उन्होंने जीते थे और एक मैच उनका बेनतीजा था। इस तरह 13 अंकों के साथ वे पहले स्थान पर हैं। दूसरे स्थान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु यानी आरसीबी है, जो 9 में से 6 मैच जीत चुकी है। खाते में 12 पॉइंट्स हैं। तीसरे स्थान पर विराजमान सनराइजर्स हैदराबाद के खाते में भी 12 अंक हैं। उन्होंने 10 में से 6 मुकाबले जीते हैं। चौथे स्थान पर राजस्थान रॉयल्स है। आरआर ने भी 6 मुकाबले 10 मैचों में से जीते हैं।

# सात दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग मैनेजमैंट एंड रिसर्च के वार्षिक खेल उत्सव ऊर्जोत्सव के अंतर्गत सात दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। पूरे सप्ताह विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा, अनुशासन, प्रतिस्पर्धात्मक भावना और टीमवर्क का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। आयोजन से डॉ. मनोज देशपांडे जुडे रहे। बास्केटबॉल, फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी, क्रिकेट, टेबल टेनिस, कैरम, शतरंज, वॉलीबॉल और एथलेटिक्स सहित अनेक इनडोर एवं आउटडोर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में संस्थान की छह बालक एवं दो बालिका टीमों ने भाग लिया। रोमांचक मुकाबलों और कड़े प्रतिस्पर्धि दौर के बाद 'डेयरडेविल्स' टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए समग्र विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि 'रॉयल्स' टीम उपविजेता रही। समापन अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# इंटर स्कूल फेंसिंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक




**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** इंटर स्कूल ओपन फेंसिंग तलवारबाजी प्रतियोगिता में बालक वर्ग के फॉइल, ईपी और सेबर इवेंट में अलग अलग आयु वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता बने जिनमें हुजैफा यमन, अभ्युदयसिंह चौहान, जयदीप वर्मा, अतहर खान और अनय उपाध्याय, अरहम मंसूरी, अली शान मंसूरी, मोहम्मद तोहिद, अयान कुरेशी, और मोहम्मद शहद, आहिल अहमद खान, मोहम्मद जैद, मोहम्मद शाहनवाज, मोहम्मद अली कुरैशी, मोहम्मद अयान खान और सिल्वर वाले खिलाड़ी अबूबकर रहमानी, मोहम्मद अजहान अशरफ, अबीर खान, अब्दुल हन्नान हुसैन, जैनुल आबेदीन, मोहम्मद राहत खान, आधवन लश्करी, खुशालसिंह चौहान, कार्तिक सहीते, सैय्यद अबुजर अली, पद्मंजन चौधरी ने जीता। उक्त जानकारी मास्टर सईद आलम ने दी।

## संजू सैमसन ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पूरा किया IPL में 'दोहरा शतक'

**नई दिल्ली.एजेंसी।** संजू सैमसन ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ घ्ङ्ख 2026 में 'दोहरा शतक' पूरा कर लिया है। इस तरह उन्होंने क्रिस गेल को पीछे छोड़ दिया है। वे आईपीएल के इतिहास में सिर्फ तीसरे ऐसे बल्लेबाज हैं, जो एक टीम के खिलाफ लीग फेज में 200 से ज्यादा रन बना चुके हैं।




संजू सैमसन ने आईपीएल 2026 में एक बार फिर से दिल्ली कैपिटल्स की लंका लगाने का काम किया। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शतक जड़ने वाले संजू सैमसन ने एक बार फिर चेन्नई सुपर किंग्स के लिए डीसी के खिलाफ कमाल की बल्लेबाजी की। इस बार उनका शतक पूरा नहीं हुआ, लेकिन वे 87 रनों की नाबाद पारी खेलकर मैच जिताकर लौटे। इसी के साथ उन्होंने एक खास दोहरा शतक आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पूरा कर लिया है और वह आईपीएल इतिहास के महज तीसरे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने इस उपलब्धि को हासिल किया है।

दरअसल, संजू सैमसन से पहले दो ही ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने एक टीम के खिलाफ एक सीजन में लीग फेज में 200 या इससे ज्यादा रन बनाए हैं। विराट कोहली और केएल राहुल ऐसा कर चुके हैं, जबकि संजू सैमसन लिस्ट में तीसरे बल्लेबाज हैं। संजू सैमसन ने क्रिस गेल को भी पछाड़ दिया है, जो अभी तक लिस्ट में तीसरे नंबर पर थे, लेकिन वे दोहरा शतक नहीं पूरा कर सके थे। केएल राहुल का नाम इस लिस्ट में दो बार आता है। वह लिस्ट में पांचवें पायदान पर भी विराजमान हैं।

# IPL Final की मेजबानी से हाथ धो सकता है बेंगलुरु

**नई दिल्ली.एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने आईपीएल 2026 के प्लेऑफ्स और फाइनल मैच के शेड्यूल का ऐलान नहीं किया है। ये भी जानकारी सामने नहीं आई है कि दो क्वालीफायर, एक एलिमिनेटर और फाइनल मुकाबला कहां खेला जाएगा? आईपीएल के नियमों के मुताबिक, डिफेंडिंग चैंपियन को आईपीएल के फाइनल की मेजबानी मिल सकती है। इस बार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु यानी आरसीबी आईपीएल की चैंपियन है और उसके पास मेजबानी के अधिकार हैं। आरसीबी का होम ग्राउंड बेंगलुरु का एमए चिन्नास्वामी स्टेडियम है, लेकिन इस स्टेडियम से आईपीएल 2026 फाइनल की मेजबानी छिन सकती है। इसके पीछे का कारण भी सामने आ गयी है।




बीसीसीआई जल्द आईपीएल 2026 के प्लेऑफ्स और फाइनल के वेन्यू और शेड्यूल की घोषणा करने वाली है, लेकिन फाइनल की लोकेशन को लेकर अनिश्चितता है। BCCI सूत्रों ने बताया है कि प्लेऑफ मैच पंजाब और कर्नाटक के बीच बंटे होने की संभावना है और बेंगलुरु को कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है, जिससे वह बहुत चर्चित फाइनल की मेजबानी नहीं कर पाएगा। IPL फाइनल आमतौर पर डिफेंडिंग चैंपियन टीम ही मैच होस्ट करती है, लेकिन "ण्ण्घ के एक सोर्स के मुताबिक, बेंगलुरु में पॉलिटिकल मुद्दे, खासकर MLA टिकट से जुड़े, अभी दिक्कतें पैदा कर रहे हैं।

बीसीसीआई से जुड़े सूत्र ने बताया, 'IPL 2026 के प्लेऑफ्स और फाइनल की जगह जल्द ही अनाउंस की जाएगी। मैच पंजाब और कर्नाटक में बंटे होने की संभावना है, पिछली बार का विनर फाइनल होस्ट करता है, लेकिन MLA टिकट का मुद्दा बेंगलुरु में दिक्कतें पैदा कर रहा है और अगर कोई सॉल्यूशन नहीं निकला, तो "ण्ण्घ फाइनल को दूसरे शहर में शिफ्ट कर देगा।'

बता दें कि आईपीएल 2026 का पहला मैच डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु यानी आरसीबी और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला गया था। उस मैच पहले, कांग्रेस MLA विजयानंद कशप्पनवर ने सुझाव दिया था कि हर MLA को कम से कम पांच IPL टिकट मिलने चाहिए और उन्होंने दावा किया था कि चुने हुए प्रतिनिधि 'VIP' हैं, जिन्हें लाइन में लगकर टिकट के लिए इंतजार नहीं करना चाहिए। इसके बाद कर्नाटक के डिप्टी चीफ मिनिस्टर डीके शिवकुमार ने कहा कि मौजूदा IPL में RCB मैचों के लिए तीन टिकट MLA और MP को दिए जाएंगे।

### एमएलए देख सकते हैं मैच

डीके शिवकुमार के बयान के बाद, कर्नाटक के होम मिनिस्टर जी. परमेश्वर ने कर्नाटक के MLA पर IPL मैच के टिकट के गलत इस्तेमाल के आरोपों को खारिज कर दिया। उन्होंने बताया कि टिकट ऑनलाइन बुक किए जाते हैं और उन्हें खरीदने वाले ही इसमें शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले IPL मैचों में सिर्फ MLA ही जा सकते हैं या उनके परिवार के सदस्य ही जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह साफ़ तौर पर 'नॉन-ट्रांसफरेबल' लिखा है, इसलिए दूसरे लोग इसका इस्तेमाल नहीं कर सकते।

# टायर और स्पेयर पार्ट्स की तीन दुकानों में भीषण आग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।





लसूड़िया थाना क्षेत्र के देवास नाका इलाके में आज तड़के भीषण आगजनी की घटना सामने आई। लसूड़िया मोरी स्थित डीसीएम कंपाउंड में एक के बाद एक तीन दुकानें आग की चपेट में आ गईं। आग इतनी विकराल थी कि उसने पास ही स्थित रहवासी मकानों को भी खतरे में डाल दिया, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। दमकल विभाग ने समय रहते मोर्चा संभालकर बड़ी जनहानि होने से बचा लिया।

फायर ब्रिगेड से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 3:45 बजे डीसीएम कंपाउंड की दुकानों में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। जब दमकल की टीम मौके पर पहुंची, तो आग की लपटें आसमान छू रही थीं। एक दुकान में लगी आग ने देखते ही देखते पास की अन्य दो दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया था। आग की तीव्रता को देखते हुए दमकल कर्मियों को दुकानों के शटर तोड़कर अंदर दाखिल होना पड़ा। इस अग्निकांड में तीन व्यापारियों का भारी नुकसान हुआ है। आग की चपेट में आने वाली दुकानों में मेहमूद पिता अकबर अली की टायर दुकान, नरेंद्र पिता राजाराम का गैरेज और जितेन्द्र पिता गजराज की स्पेयर पार्ट्स दुकान शामिल हैं। तीनों दुकानें एक-दूसरे से सटी हुई थीं, जिससे आग तेजी से फैली। दमकल टीम ने करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद 20 हजार लीटर पानी की मदद से आग पर पूरी तरह काबू पाया।

**शटर तोड़कर अंदर घुसी फायर ब्रिगेड**

## ऑफिस की चाबी से गेट खोलकर घुसे चोर ने उड़ाए 2.70 लाख नकदी और डीवीआर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विजय नगर थाना इलाके में एक चोर ने शातिर तरीके से ऑफिस की चाबी का ही इस्तेमाल कर गेट खोला और अंदर रखी लाखों की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पहचान छिपाने के लिए आरोपी अपने साथ सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर भी उखाड़ ले गया।पुलिस ने वारदात करने वाले आरोपी को धरदबोचा है। पुलिस के अनुसार, चोरी की यह वारदात सी-21 मॉल के पीछे स्थित एनआरके बिजनेस पार्क में हुई है। फरियादी दीपक पिता बाबूराव काले निवासी पुष्प विहार एक्सटेंशन ने विजय नगर थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका ऑफिस इसी बिजनेस पार्क में संचालित है। बीती रात आरोपी उनके ऑफिस पहुँचा और ऑफिस की ही किसी चाबी का उपयोग कर मुख्य गेट का ताला खोलकर अंदर दाखिल हो गए। ऑफिस के अंदर घुसने के बाद चोर सीधे रिसेप्शन डेस्क की ओर पहुंचा। वहां उसने टेबल की दराज का ताला तोड़ दिया। दराज में रखी कुल 2 लाख 70 हजार रुपये की नकदी आरोपी लेकर चंपत हो गया। चोर इतना शातिर था कि उन्होंने अपनी पहचान छुपाने के लिए ऑफिस में लगे सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर भी चुरा लिया, ताकि पुलिस को कोई फुटेज न मिल सके। पुलिस ने इस मामले में आरोपी संजय पिता राधेश्याम बडोदिया निवासी शांति नगर को गिरफ्तार किया है।आरोपी आफिस का कर्मचारी बताया जा रहा है।

## विधवा महिला को शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने विधवा महिला को सहारा देने और शादी करने का वादा कर लंबे समय तक उसका शोषण किया और अंत में अपने वादे से मुकर गया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परदेशीपुरा पुलिस के अनुसार, 42 वर्षीय विधवा महिला की शिकायत पर आरोपी प्रदीप पिता जगदीश शर्मा निवासी शिवधाम कॉलोनी, इंदौर के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पीड़िता ने बताया कि पति के निधन के बाद आरोपी प्रदीप ने उससे जान-पहचान बढ़ाई और उसे शादी करने का झांसा दिया। विश्वास में लेकर आरोपी घटना दिनांक से लगातार पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। महिला ने पुलिस को बताया कि जब भी वह शादी की बात करती, आरोपी उसे टाल देता था। हाल ही में जब उसने विवाह के लिए अंतिम बार दबाव बनाया, तो आरोपी प्रदीप शर्मा ने स्पष्ट रूप से शादी करने से इनकार कर दिया और पीड़िता को छोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# आईटी पार्क पर पलटी क्रेन

## गनीमत रही कोई चपेट में नहीं आया



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

आईटी पार्क चौराहा पर बीती रात एक क्रेन पलट गई। बताया जा रहा है कि हादसा करीब रात 12 बजे हुआ। रास्ते से गुजर रही क्रेन खम्बे से टकराई जिसके बाद वह पलट गई। गनीमत रही कि कोई राहगीर इसकी चपेट में नहीं आया। हादसे के बाद चौराहा पर भीड जमा हो गई। हालांकि ड्रायवर को भी सुरक्षित निकाल लिया गया। क्रेन क्षतिग्रस्त हो गई। क्रेन में से आईल भी सडक पर लीकेज हो गया। मौके पर पुलिस भी पहुंच गई।

## नशे के लिए घर में सेंध,नाबालिग सहित दो साथी गिरफ्तार

**इंदौर।** बाणगंगा पुलिस ने भवानी नगर में हुई चोरी का खुलासा करते हुए फरियादी ममता डगला के नाबालिग बेटे और उसके दो साथियों, यश और गोल्डी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने नशे की लत पूरी करने के लिए घर का ताला तोड़कर 70 हजार के सोने-चांदी के जेवरात चोरी किए थे। पुलिस ने सारा मशरुका बरामद कर लिया है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी नशे के आदी हैं और खर्च निकालने के लिए अपनों के ही घर में वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों से अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ जारी है।

# मदद के बहाने शौचालय के पीछे ले गई युवती ने यात्री को लूटा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आजाद नगर थाना क्षेत्र स्थित तीन इमली बस स्टैंड पर एक युवती ने मदद के बहाने एक यात्री को सुनसान जगह पर बुलाया और फिर अपने साथियों के साथ मिलकर उसे बदनाम करने की धमकी देते हुए लूट की वारदात को अंजाम दे दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, घटना 3 मई की रात करीब 11 बजे की है। फरियादी झहर सिंह पिता लखपत सिंह निवासी चोखीढाणी, खण्डवा रोड, इन्दौर तीन इमली बस स्टैंड पर बस का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान रोशनी नाम की एक लड़की अपने बच्चे के साथ उनके पास आई और किसी काम में मदद मांगी। युवती की बातों में आकर झहर सिंह उसके साथ बस स्टैंड के पीछे स्थित शौचालय की ओर चले गए। जैसे ही फरियादी शौचालय के पास पहुंचे, वहां पहले से मौजूद रोशनी के साथी सुनील और मोनू सभी निवासी कस्तूरबा ग्राम ने उन्हें घेर लिया। आरोपियों ने झहर सिंह को शोर मचाने पर बदनाम करने की धमकी दी और डरा-धमकाकर उनकी जेब में रखे 26,000 रुपये नकद और एक भूरे रंग का इंफीनिक्स मोबाइल जबरन छीन लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और थप्पड़ मारकर वहां से भगा दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी बस स्टैंड की ओर भाग निकले। इस मामले में पुलिस ने जांच के बाद तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। तीनों से पूछताछ जारी है। आजाद नगर पुलिस ने फरियादी झहर सिंह की शिकायत पर आरोपी रोशनी, मोनू और सुनील के खिलाफ लूट और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में मामला दर्ज किया है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।